Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 17 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दुनिया में सुन्दर वही होता है जिसका आचरण सुन्दर होता है।
Beautiful is he in the world conduct is beautiful.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### डीजीपी अशोक जुनेजा ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर/रायपुर (विसं)।** नक्सलियों द्वारा सुकमा में किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवानों को करणपुर कोबरा बटालियन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा सहित पुलिस और सीआरपीएफ के उच्च अधिकारियों ने शहीदों को अंतिम सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी. बता दें कि सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम दिया था. जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे।

### आतिशी का स्वास्थ्य बिगड़ा, डॉक्टरों ने अस्पताल में भर्ती होने की दी सलाह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में जल संकट को लेकर अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। अनशन के चौथे दिन सोमवार को एलएनजेपी के चिकित्सकों ने आतिशी के स्वास्थ्य की जांच की। उनके स्वास्थ्य में भारी गिरावट को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। आतिशी का कहना है, मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है। जब तक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, उनका अनशन जारी रहेगा।

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र : पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज सोमवार से शुरू हो गया है. सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली. इसके साथ ही बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा. उधर प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति, नीट और यूजीसी-नेट परीक्षा को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश करेंगा. जिसके चलते सत्र के पहले ही दिन हंगामे के आसार हैं. 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों (लोकसभा-राज्यसभा) के संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगीं. बता दें कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र तीन जुलाई तक चलेगा.

इसके साथ ही विपक्ष लोकसभा सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर के रूप में भर्तृहरि महताब की नियुक्ति का विरोध करेगा. बता दें कि भर्तृहरि महताब सात बार के सांसद हैं. कांग्रेस का कहना है, वरिष्ठता के आधार पर प्रोटेम स्पीकर के पद के लिए सांसद के सुरेश प्रबल दावेदार हैं. हालांकि, सरकार का पक्ष है कि वर्तमान लोकसभा में बिना हारे लगातार सबसे लंबे समय तक सांसद रहने के मामले में महताब सबसे वरिष्ठ हैं.

बता दें कि अप्रैल से जून के बीच सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के बाद लोकसभा का ये पहला सत्र है. इस चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है. जिसमें बीजेपी ने 240 सीटों पर जीत दर्ज की है. वहीं इंडिया गठबंधन इस चुनाव में 234 सीटें जीतकर बहुमत से काफी पीछे रह गया. इसमें कांग्रेस के पास सबसे अधिक 99 सीटें हैं.

### भर्तृहरि महताब ने लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब ने सोमवार को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के आज से शुरू हो रहे पहले सत्र की बैठक से पहले यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें शपथ दिलाई। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। लोकसभा सत्र सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाएंगे। नवगठित लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। बुधवार 26 जून को सदन के स्थायी स्पीकर का चुनाव होगा। भर्तृहरि महताब ओडिशा की कटक लोकसभा सीट से लगातार सातवीं बार चुने गये हैं। इस बार बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा में आये महताब ने बीजद के संत्रुप्त मिश्रा को 57,077 वोटों से हराया है।

### बृजमोहन अग्रवाल ने ली सांसद पद की शपथ



18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के आगाज के साथ ही नवनिर्वाचित सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों ने सोमवार को सांसद पद की शपथ ली. इस दौरान रायपुर से सांसद बनने के बाद पहली बार संसद पहुंचे बृजमोहन अग्रवाल ने भी सांसद पद की शपथ ली।

### मां सुषमा की तरह बांसुरी ने संस्कृत भाषा में ली सांसद पद की शपथ



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। अभिनेत्री और भाजपा नेता के तौर पर पहचान रखने वाली कंगना रनौत ने मंडी लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 74,755 वोटों से हराया था। वहीं दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। इससे पहले सुषमा स्वराज जब साल 2014 में विदिशा लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुई थी।

## पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा काम करने का किया वादा, इमरजेंसी को बताया लोकतंत्र पर काला धब्बा

### संसदीय लोकतंत्र में यह एक गौरवशाली दिन है : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र का आज शुरू होने वाला है। संसद सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में यह एक गौरवशाली दिन है। आजादी के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह हमारे अपने नए संसद भवन में हो रहा है। पहले यह पुराने संसद भवन में होता था। इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का हार्दिक स्वागत करता हूं, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज 18वीं लोकसभा की शुरुआत हो रही है। दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही भव्य और गौरवशाली तरीके से संपन्न हुआ। ये चुनाव इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की जनता ने 60 साल बाद किसी सरकार को तीसरी बार मौका दिया है। यह सरकार की नीयत और नीतियों, जनता के प्रति सरकार के समर्पण भाव पर जनता जनार्दन की मुहर है। उन्होंने कहा, हमारा दायित्व भी बढ़ जाता है। इसलिए, मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में हम पहले से तीन गुणा ज्यादा मेहनत करेंगे, हम तीन गुणा परिणाम भी लाकर रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये सांसदों का स्वागत करते हुए उनसे अपील की कि जनहित के लिए हर संभव कदम उठाएं। उन्होंने विपक्ष से अब तक मिली निराशा की बजाय जनता की आशाओं पर खरे उतरने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोग सब्सटेंस चाहते हैं स्लोगन नहीं चाहते। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया कि सब मिलकर विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए काम करेंगे।


18वीं लोकसभा में हमारे लिए खुशी की बात है कि युवा सांसदों की संख्या अच्छी खासी है. हम जब 18 की बात करते हैं तो भारत की परंपराओं को जानते हैं, भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित हैं, वे जानते हैं कि हमारे यहां 18 अंक का बहुमत सात्विक मूल्य है. गीता के 18 अध्याय हैं. हमारे यहां पुराणों और उप-पुराणों की संख्या भी 18 है. 18 का मूलांक 9 है और 9 पूर्णता की गारंटी देता है. 18 वर्ष की आयु में हमारे यहां मताधिकार मिलता है. 18वीं लोकसभा भारत के लिए शुभ संकेत है।

**-स्टोरी व फोटो : कमल नयन नारंग**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल का किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल 25 जून है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। अपने संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतंत्र की, लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए, देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे। हम भारत के संविधान के निर्देशों के अनुसार सामान्य मानवी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे।

## संविधान पर हमला स्वीकार नहीं, राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नई सरकार के गठन के बाद लोकसभा का 18वीं सत्र आज से शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कैबिनेट मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं है। इस दौरान एक खास बात ने सभी का ध्यान खींचा। विपक्ष के सभी सांसदों ने संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर शपथ ली, जबकि सत्ता पक्ष के किसी भी सांसद ने ऐसा नहीं किया।

जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पत्रकारों ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जिस तरह से संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, इसलिए हमने शपथ लेते हुए संविधान पकड़ा हुआ है।

जब राहुल गांधी से पूछा गया कि क्या ऐसा कर आप कोई संदेश देना चाह रहे हैं तो इस पर उन्होंने कहा कि बिल्कुल संदेश है। मैं एक बात आपसे कह दूं कि कोई भी शक्ति भारत के संविधान को छू नहीं सकती। हमारे लिए भारत का संविधान ही सब कुछ है और जो कोई भी इस पर आक्रमण करेगा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

इस दौरान राहुल ने पत्रकारों को संविधान की पुस्तक भी दिखाई और कहा कि देखिए यह हमारे लिए सब कुछ है। इस बीच, राहुल से बीजेपी द्वारा 25 जून को काला दिवस मनाए जाने पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया।

ज्ञात हो कि 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लगाया गया था। आपातकाल के दौरान अनेकों लोगों को जेल में डाल दिया गया था। यही नहीं, उस दौरान मीडिया पर भी कुठाराघात किया गया। कई पत्रकारों को भी सलाखों के पीछे भेज दिया गया था। तब से लेकर अब तक 25 जून को बीजेपी काला दिवस के रूप में मनाती है।

## महारानी दुर्गावती जनजातीय गौरव का प्रतीक : विष्णुदेव साय

**रायपुर (आरएनएस)।** महारानी दुर्गावती जनजातीय गौरव का प्रतीक हैं। उनका देश प्रेम और संघर्ष हम सबको प्रेरणा से भर देता है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर राजमोहिनी देवी सभा भवन, अंबिकापुर में जनजाति गौरव समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर महारानी दुर्गावती के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महारानी दुर्गावती का भव्य स्मारक जबलपुर में तैयार कराया गया है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से हैं। उनका इस सर्वोच्च पद में आसीन होना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है।

## इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर किया विरोध प्रदर्शन, सोनिया गांधी समेत कई सांसद हुए शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र में नई सरकार में गठन के बाद आज से 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर ने सांसदों को नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई। इस दौरान संसद के अंदर विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। विपक्ष का कहना है कि प्रोटेम स्पीकर विपक्ष का होना चाहिए था। कांग्रेस सांसद के. सुरेश सबसे वरिष्ठ सांसद ऐसे में उन्हें प्रोटेस स्पीकर बनाना चाहिए था।

कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने कहा कि एनडीए सरकार ने लोकसभा की परंपरा का उल्लंघन किया है। अब तक परंपरा यह थी कि जो सांसद सबसे अधिक बार निर्वाचित होता है, वही प्रोटेम स्पीकर बनता है। भर्तृहरि महताब 7वीं बार सांसद चुने गए हैं। जबकि मैं 8वीं बार सांसद चुना गया हूं। वे फिर से विपक्ष का अपमान कर रहे हैं।

एक तरफ संसद में नवनिर्वाचित सांसद शपथ ले रहे थे। वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। प्रदर्शन में सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई विपक्षी सांसद शामिल हुए।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ हैं लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं। हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए।

### आपातकाल को लेकर खड़गे ने दिया जवाब

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आप हमें 50 साल पुराने आपातकाल की याद दिला रहे हैं, लेकिन पिछले 10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए हैं, जिसे लोगों ने समाप्त किया था। लोगों ने मोदी जी के खिलाफ जनादेश दिया है। इसके बावजूद अगर वह प्रधानमंत्री बन गए हैं तो उन्हें काम करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे कहा कि विपक्ष और भारत जनबंधन संसद में आम सहमति चाहते हैं, हम सदन में, सड़कों पर और सबके सामने लोगों की आवाज उठाते रहेंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल : महतारी वंदन योजना की तरह हर माह मितानिनों के बैंक खाते में जाएगा मानदेय



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की लाखों मितानिन बहनों को एक बड़ी सौगात देने की बात कही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरूस्त रखने में मितानिन बहनों का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे में उनका खयाल रखना राज्य का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर अब राज्य की मितानिन बहनों को महतारी वंदन योजना की तर्ज पर हर माह उनका मानदेय बैंक खाते में मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बात की घोषणा करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही मितानिन बहनों को आनलाइन बैंक खाते में भुगतान मिलने लगेगा। श्री जायसवाल ने कहा कि इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों से होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ को स्वस्थ छत्तीसगढ़ बनाने की संकल्पना पर काम कर रहे हैं और इसके लिए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार आ रहा है जो निरंतर जारी रहेगा।

### नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे : विष्णुदेव साय

**सुकमा आईईडी ब्लास्ट पर आया मुख्यमंत्री साय का बयान**

**रायपुर (आरएनएस)।** सुकमा। जिले में नस्कलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बयान सामने आया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्टकर ब्लास्ट में शहीद जवानों के प्रति संवेदना जताई है। साथ ही उन्होंने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 2 कोबरा जवानों के निधन की दु:खद खबर आ रही है। ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहकारिता निरीक्षकों को मिली पोस्टिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा वर्ष-2022 के परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त उम्मीदवार कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष परिवीक्षावधि पर रहेंगे। सहकारिता विभाग में चयनित अफसरों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रूकसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इन्द्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेन्द्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पदस्थ किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट का अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार, अगली सुनवाई 26 जून को



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक सिंघवी से कहा कि अगर वह हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के खिलाफ सीएम केजरीवाल की याचिका पर कोई आदेश पारित करता है, तो यह मामले को लेकर पूर्वाग्रह होगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे पिछले शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते थे, लेकिन हाईकोर्ट ने संघीय जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत पर स्टे दे दिया।

दरअसल, निचली अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा था कि अगले आदेश तक जिस फैसले को चुनौती दी गई है, उसे अमल में नहीं लाया जा सकेगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को 24 जून तक लिखित दलील दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी सहायिका के 2 पद पर भर्ती हेतु 9 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सोनाखान एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 2 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के 2 पदों के लिए मानदेय आंगनबाड़ी केन्द्र एवं दलदली आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 9 जुलाई 2024 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान के पते पर अपना आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/सामान्य डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हेतु जिले की सरकारी वेबसाईट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अवलोकन कर सकते है।

### कलेक्टर ने पीएससी द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के सेंटर का किया निरीक्षण



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2023 के लिए शासकीय काकतीय महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा सेंटर का निरीक्षण किए। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान एक परीक्षार्थी का तबियत ठीक नहीं होने पर स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। संभागीय मुख्यालय में आयोजित इस परीक्षा सेंटर में लगभग 202 परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हो रहे है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी श्री सुनील शर्मा, पीजी कॉलेज की प्राचार्य भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा सोमवार 24 जून से शुरू हो रही है प्रथम पाली में भाषा का पेपर, द्वितीय पाली में निबंध का पेपर है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 27 जून को

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में 27 जून 2024 को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक टाटा पावर (टीपीपीएल) प्लस लिमिटेड अंडर सीएसपीडीसीएल के द्वारा बलौदाबाजार, भाटापारा एवं कसडोल क्षेत्र अंतर्गत मीटर इंस्टालेशन हेतु हेल्पर, ट्रेनी-फ्रेशर के लिए 20 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण महिला/पुरूष एवं लाईनमेन, टेक्निशियन हेतु 30 पद शैक्षणिक योग्यता विद्युतकार उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिणार्थी भाग ले सकते है। उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शासकीय, निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों के साथ शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### कलेक्टर विजय दयाराम के. ने किया तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बस्तर जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को प्रशासकीय दृष्टिकोण से नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर नीतीश वर्मा को तहसीलदार बकावंड, तहसीलदार श्रीमती जॉली जेम्स को तहसीलदार बस्तर, नायब तहसीलदार लखीराम पांडे को प्रभारी तहसीलदार भानपुरी, नायब तहसीलदार पुष्पराज मिश्रा को प्रभारी तहसीलदार करपावंड, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री रामचन्द्र मंडावी को जिला कार्यालय भू-अभिलेख शाखा, नायब तहसीलदार (परि.) जयंत कुमार को नायब तहसीलदार भानपुरी (मुण्डागाँव) बनाया गया है।

### 'बुन्देलखण्ड.दिवस' आज, संस्कृति मंत्री करेंगे भोपाल में उद्घाटन, लोक नृत्य राई एवं कवि सम्मेलन के रंगारंग कार्यक्रम

**भोपाल (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में 25 जून 2024 मंगलवार को देश भर में, विशेष तौर से म.प्र. और उ.प्र. के बुन्देलखण्ड के प्रत्येक नगर में 'बुन्देलखण्ड दिवस' मनाया जायेगा। मुख्य रुप से वृहद स्तर पर भोपाल में भव्य समारोह मनाया जा रहा है। इसमें 2 सत्रों मे बुंदेली साहित्य पर आलेख पाठ, बुन्देली कवि सम्मेलन और मशहूर लोक नृत्य राई ,सह भोज आदि, न्यू मार्केट स्थित एपेक्स बेंक के सभागृह में सवेरे 10 बजे से आयोजित किये जा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को संस्था के सचिव हेमन्त तैलंग ने बताया कि 25 जून को परिषद के स्थापना दिवस के साथ संस्थापक व 'बुंदेल शिरोमणि' पद्मश्री कैलाश मड़बैया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 'बुन्देलखण्ड दिवस' मनाये जाने की सतत परम्परा है। संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिह लोधी समारोह का उद्घाटन करेंगे और विधायक रामेश्वर शर्मा अध्यक्षता करेंगे।

# आगजनी की घटना में करीब 12 करोड़ क्षति का अनुमान

## पीड़ितों को बीमा कम्पनी द्वारा राशि मिलना शुरू, घटना के सभी पहलुओं को समझने पुलिस बारीकी से कर रही जाँच

### कलेक्टर-एसपी ने भविष्य की रणनीति को लेकर मीडिया से की चर्चा




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त रुप से प्रेस को सम्बोधित किया। उन्होंने गत दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्ट्रेट में हुई आगजनी की घटना के पश्चात की जा रही कार्यवाही एवं भविष्य की रणनीति के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि आगजनी की घटना से अब तक के आकलन में करीब 12 करोड़ रुपए क्षति का अनुमान है जिसमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन, जिला पंचायत कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील एवं पंजीयन कार्यालय भवन, वाहन, उपकरण, फर्नीचर शामिल हैं। नगर में हुई अन्य क्षति का अकलन किया जा रहा है।घटना में वाहनों को हुई क्षति के लिए बीमा कंपनियों से राशि दिलवाया जा रहा है जिसमें अब तक 7 -8 वाहन स्वामियों को बीमा राशि मिल चुकी हैं और करीब 23 प्रकरण प्रक्रियाधीन है।

कलेक्टर ने बताया कि घटना में लगभग 240 निजी व शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हुए है जिनमे पूरी तरह जले 31 निजी व शासकीय चार पहिया वाहन, 60 दो पहिया वाहन, 27 क्षतिग्रस्त चार पहिया वाहन एवं लगभग 122 क्षतिग्रस्त दो पहिया वाहन शामिल हैं।जिन निजी वहनो के बीमा नही हैं उनका मूल्यांकन कराया जा रहा है।घटना से पीड़ितों के शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने पीड़ित राहत समिति बनाई गई है। दस्तावेज क्षति के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस, आबकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग में दस्तावेज पुर्निर्माण के काम भी शुरू हो गए हैं। कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातर बैठक की जा रही है। अब तक चेम्बर ऑफ़ कामर्स, सिविल सोसाइटी, अशासकीय संगठन, कृषक संगठनो, पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक कर शांति बहाली के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है तथा उपयुक्त क्षमता के सीसी टीवी कैमरा लगवाने कहा गया है। सामजिक संगठनों से बातचीत कर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने सहयोग व सुझाव लिया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम भी बनाई गई है जो 24 घंटे निगरानी कर रही है। नाकारात्मक एवं भड़काऊ पोस्ट पर प्रतिबंधत्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही एसडीएम एवं एसडीओपी के द्वारा शांति समिति की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। किराये पर दिए गए मकान व दुकान की सूची नजदीकी थाने को देने तथा ठेका श्रमिकों की सूची सम्बंधित विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर ने बताया कि जल्द ही मैदानी अमलो सचिव, पटवारी, आरआई तथा सरपंचो की भी बैठक लेकर चर्चा की जाएगी।उन्होने जिले की बेहतर छवि के लिए मीडिया को सहयोग की अपील की।

पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं को समझने के लिए हर तरह से पूछ ताछ की जा रही है। अब तक 138 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पोस्ट के सोर्स तक पहुंचा जा रहा हैं तथा एकाउन्ट ब्लॉक भी की जा रही है।

# आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों का किया जाए जल्द निराकरण : कलेक्टर डॉ. सिंह

### खाद्य विभाग को अन्यत्र राशन कार्ड प्रकरणों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिले में कहीं भी पशु-क्षति, मकान-क्षति इत्यादि, आरबीसी 6-4 के प्रकरण आते है तो उसका जल्द से जल्द निराकरण करें। ऐसे प्रकरण किसी भी परिस्थिति में लंबित न रहें। यदि संज्ञान में कोई प्रकरण आता है तो स्वयं पहल कर प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करें। पुलिस विभाग कोताही न बरतें और जल्द से जल्द थाने से रिपोर्ट भेजें। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने यह बात समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय सहित सभी पंचायतें सॉलिड लिक्विड वेस्ट प्रबंधन में तेजी से कार्य करें। साथ ही गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट चिन्हित करें और इसे नगर निगम कमिश्नर को इसकी जानकारी दें। ताकि कचरे का उठाव सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि खाद्य विभाग अन्यत्र राशन कार्ड के प्रकरणों में कार्रवाई सुनिश्चित करें जो हितग्राही जिले से बाहर चले गए है, उनका नाम राशन सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क में विचरण करने वाले मवेशियों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि माना, एयरपोर्ट रोड, धनेली इत्यादि चिन्हित क्षेत्रों में आवारा पशुओं के विचरण को रोके। उन्होंने कहा कि आज से नारी शक्ति-जल शक्ति 101 गांव में शुरू हो रहा है, अधिक से अधिक संख्या में महिला समूह जल चौपाल लगाए और जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। बिजली विभाग जिले में आ रही शिकायतों पर संज्ञान लें और करंट से हुई मुआवजा प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ जल्द कार्रवाई करें। इसके अलावा जनदर्शन के प्रकरणों पर तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर विजय दयाराम के. ने डेंगू नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग को दिए आवश्यक निर्देश

**डेंगू बीमारी के प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को तत्काल सघन सर्वे कर संदेहास्पद मरीजों की स्वास्थ्य जांच के निर्देश**

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने डेंगू बीमारी के प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को तत्काल सघन सर्वे कर संदेहास्पद मरीजों की स्वास्थ्य जांच के आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत 03 दिनों से सघन सर्वे अभियान तथा संदेहास्पद की जांच की जा रही है। घर घर सर्वे करते हुए डेंगू लार्वा पनपने वाले स्थान की सफाई कराया गया। मच्छरदानी का वितरण एवं जन जागरुकता हेतु दीवार लेखन पम्पलेट का वितरण किया गया है। नगर निगम की टीम के दारा साफ सफाई सरडिसाइड स्पेका डिफॉगिंग गतिविधि की जा रही है। विगत तीन दिनों में 125 घर का सर्वे 05 घर में लार्वा का विनष्टिकरण किया गया दो बुखार के मरीज की जांच की गई जो निगटिव पाए गए। स्वास्थ्य विभाग ने शहर के महाराणा प्रताप वार्ड के घर-घर में स्वास्थ्य जांच कर डेंगू नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। 187 घरों में सर्वे करते हुए डेंगू पनपने वाले स्थलों की साफ सफाई करवाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ के माध्यम से सोर्स रिडक्शन का कार्य तथा बुखार के मरीजों का जांच किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा साफ सफाई व दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने नगर के 48 वार्ड के लिए 32 टीम बनाया गया है, जिसमें एएनएम, मितानिन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य द्वारा जून माह में 6500 घरों का अब तक सर्वे किया गया। जिसमें 49 घरों में लार्वा पाया गया, जिसे तत्काल नष्ट किया गया। इसी प्रकार कुल 12437 कन्टेनर का जांच किया गया 89 कन्टेनर में लार्वा पाए गए उसको नष्ट किया गया। वर्ष 2024 में संदेहास्पद 762 रक्त नमूना का एनाईजा परीक्षण किया गया जिसमें जगदलपुर के शहरी क्षेत्र में कुल 04 मरीज ही मिले है। वर्तमान में कोई भी ऐक्टिव मरीज नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में जनवरी से अब तक कुल 08 प्रकरण पाए गए है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 2041, वर्ष 2023 में 68 व वर्ष 2024 में अब तक 12 डेंगू के मरीज मिले है 7 इस प्रकार जनजागरुकता से डेंगू के प्रकरणों में निरंतर कमी आ रही है।

# किसानी कार्य का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे खेत, किसानों को आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपायोग करने की दी सलाह



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** मानसून की शुरुआत होते ही कलेक्टर दीपक सोनी आज किसानी कार्य का जायजा लेने सीधे खेत पहुंचे और कार्य कर रहे किसानों से चर्चा कर खाद बीज की उपलब्धता संबधित जानकारी हासिल किए। श्री सोनी पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवसुंद्रा एवं छेरकापुर पहुंचकर किसानी कार्य सहित गांव में हो रहे अन्य विभिन्न विभागों के निर्माणधीन कार्य सहित शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबध में विस्तृत जानकारी हासिल किए। इस दौरान ग्राम देवसुंद्रा निवासी किसान गणेश, राम वर्मा ओमप्रकाश वर्मा, नाथू राम वर्मा एवं हुलास वर्मा के खेत पहुंचे। उनसे समिति से ॠण तथा खाद उठाव के संबध में पूछताछ किए जिस पर किसान हुलास ने कहा की हमे आसानी से ॠण मिला साथ ही खाद उठाव में जरा भी दिक्कत नही हुआ है। इसके साथ ही श्री सोनी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्म्मान निधि योजना का भी लाभ उठाने का आग्रह किया। साथ ही सभी किसान बंधुओं को समय के हिसाब से आधुनिक कृषि अपनाने का सलाह दिया।श्री सोनी किसानों से अपील करते हुए कहा कि गांव में किसी भी प्रकार संदिग्ध गतिविधियां या सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करता है तो उसकी जानकारी अवश्य रूप से जिला कन्ट्रोल रूम 94791-90629 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत में चल रहे अमृत सरोवर योजना के कार्य का भी अवलोकन किया एवं उपस्थित सचिव को नरेगा से मुक्तिधाम के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**
(छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कम्पनी)
(कार्यालयः कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग उत्तर, छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर)

**सूचना**

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। असुविधा के लिये खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.06.2024 मंगलवार | सुबह 9:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | भनपुरी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. न्यू टिंबर मार्केट फीडर | मेन रोड भनपुरी के आस पास का क्षेत्र एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |
| 2 | | | गाजी नगर उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. सरदार पटेल फीडर | सरदार पटेल मार्केट के आस पास का क्षेत्र एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |
| 3 | | | | 11 के.व्ही. उमिया मार्केट फीडर | उमिया मार्केट के आस पास का क्षेत्र एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |
| | | सुबह 9:00 से दोपहर 01:00 बजे तक | अटारी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. चंदनडीह फीडर | चंदनडीह बस्ती, नंदनवन रोड, रिंग रोड के आस पास के क्षेत्र एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइये।**
उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी-2593892, खमतराई-2576317, टाटीबंध-2574755, कबीर नगर- 2574024, केन्द्रीय कॉल सेन्टर 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउनलोड कर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

**कार्यपालन अभियंता**
नगर संभाग उत्तर
छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि.,रायपुर

SAMVAD


# आश्रम छात्रावास के लिए नियुक्त होंगे पालक अधिकारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि आरटीई के लिए शासकीय अधिकारियों को मेंटर की जिम्मेदारी प्रदान करें। मेंटर संबंधित विद्यार्थियों और पालकों से संपर्क रखेंगे, ताकि शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। समय सीमा की बैठक में इस संबंध में कलेक्टर ने चर्चा कि। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के मामले में जो कार्रवाई की गई है, उसका प्रतिवेदन दें। इस संबंध में जो पैरामीटर तय किए गए हैं उससे अधिक सीमा में ध्वनि यंत्रों का उपयोग किए जाने पर कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि जिले के सभी आश्रम छात्रावास के पालक अधिकारी नियुक्त किया जाए जो संबंधित छात्रावास का दौरा करें और उसमें जो कमियां पाई जाए उसे पूरी करने के लिए सहायक आयुक्त को सुझाव दे। जिले में वृक्षारोपण की पूरी तैयारी करें और खाद्य बीज के भंडारण पर नजर रखें। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


**AUCTION NOTICE** **IndusInd Bank Ltd.**

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before **01.07.2024**, else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them.

| Branch Name | Deal No. | Customer Name / Co-b Name | Reg No. | Engine No. | Chassis No. | Yard Name | Contact Person |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| RAIPUR | FRR01318G | ROHIT KUMAR SATNAMI / MR.S BHAGWANI | CG04NZ8982 | 275MPF102 KXXSE4568 | MAT559023 NZK27041 | SHRI BALAJI YARD KANKER | AMARJIT THAKUR / 6261862991 |
| AMBIKAPUR | FRC00520G | INDRADEV SONVANI / MR.Y SHIVPRASAD | CG30B4140 | S8K8916490 | MCG27P3 DKK1829793 | MAHAMAYA YARD AMBIKAPUR | KARAMBIR SINGH /9644370009 |
| KAWARDHA | FRW00229G | MR.M RASID/ MR.K YUNOOS | CG25M2420 | 275MPFI02 KXXSE7288 | MAT559023 NVK61176 | LUCKY YARD DURG | AMARJIT THAKUR / 6261862991 |


# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति : कम पढ़े-लिखे लोगों को बनाएंगे डिजिटल साक्षर, ऑनलाइन ली जाएगी परीक्षा

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम-सभी के लिए शिक्षा ली बैठक

### 30 हजार लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य, सर्वेक्षण कार्य जल्द होगा शुरू

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम-सभी के लिए शिक्षा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। इसमें विभिन्न विभागों से समन्वय कर कार्यक्रम को गति दिया जाए। साथ ही डेटा एंट्री का काम भी करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका जैसे मैदानी अमला द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 30 हजार लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सर्वेक्षण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को साक्षर बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में इसका सर्वे किया जाएगा। इसके लिए 200 घंटे की पढ़ाई कराई जाएगी।

**इन विषयों पर दिया जाएगा प्रशिक्षण :** साक्षर बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, व्यवसायिक कौशल, बाल देखभाल एवं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /12278/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 18-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12278**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00632** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DINURAM VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAILAL VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHIVKUMARI BANCHHOR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DILENDRA BANCHHOR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12443/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 24-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12443**
**वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E0199A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ABDUL KAYYUM KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL REHMAN KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **आरिफ खान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **नत्थू सलीम खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (4)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12444/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 24-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12444**
**वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757C00170** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VARDHMAN SURANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE CHAMPALAL JI SURANA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्यामलाल शर्मा 2. गिरधर लाल शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनों पिता स्व. हजारीमल जी शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (4)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, **डुमरतराई,** रायपुर में **दुकान क्रमांक-B-103, (1) श्री ज्ञानचंद जैन (2) श्री ललित जैन दोनों के पिता स्व. श्री लालचंद जैन,** निवासी- एम.आई.जी. डी-17, शैलेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), के नाम पर दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त दुकान को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को **दुकान का फ्री-होल्ड किये जाने में** किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, **डुमरतराई,** रायपुर में स्थित दुकान क्र. **सी-94, श्री घनश्याम बजाज पिता श्री के डी बजाज,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक-**5569** दिनांक **25.09.2010** द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **08.01.2013** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **28.12.2021** को हस्तांतरण विलेख **(फ्री-होल्ड)** निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को **क्रेता श्री सुरेश कुमार पंजवानी पिता श्री प्रताप राय पंजवानी,** निवासी- ए-8, ग्रीन वैली, विशाल नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **07.06.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्री सुरेश कुमार पंजवानी पिता श्री प्रताप राय पंजवानी,** द्वारा उक्त दुकान को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

# पीएम जनमन योजना से दो बिरहोर परिवारों का पक्का घर तैयार

## गृह प्रवेश में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल हुए शामिल, जिला प्रशासन के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** खुद का पक्का मकान होना हर किसी का सपना होता है और जब वह सपना पूरा होता है तो उसकी खुशियां ही अलग होती हैं। ऐसा ही सपना रायगढ़ में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के दो बिरहोर परिवारों का आज पूरा हुआ। पीएम जनमन योजना से लैलूंगा के कुर्रा गांव में गुरबारी बिरहोर और रतिराम बिरहोर को आज उनके पक्के मकान की सौगात मिली। घर का निर्माण पूर्ण होने के बाद पूरे विधि-विधान से गृह प्रवेश की रस्म पूरी हुई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज उनकी खुशी में शामिल होने सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद श्री पी.एस.मरकाम सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे, बल्कि गृह प्रवेश की पूजा में हितग्राही परिवारों के साथ सम्मिलित हुए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने हितग्राहियों को उनके नए घर की बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके पक्के घर का सपना पूरा हुआ जिसकी हम सभी को बेहद खुशी है। उन्होंने बताया कि सरकार पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सभी लोगों को दूसरी सभी प्रकार की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें पक्के आवास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यरत है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के साथ-साथ शासन से अन्योदय राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुमान कार्ड योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। विकास खण्ड मुख्यालय लैलूंगा के ग्राम पंचायत कुर्रा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय की श्रीमती गुरबारी बिरहोर रहती हैं। उनके पति दिलसाय का बीते तीन वर्ष पहले निधन हो गया था। खेती-बाड़ी, रोजी-मजदूरी के साथ प्लास्टिक रस्सी से गेरवा बनाकर जीवन-यापन करते हुए वह गांव में अकेली अपने एक कच्चे मकान में रह रही थी। जो बरसात में हर समय परेशानी खड़ी करता था। बारिश के दिनों में उन्हें जहरीले जीव-जन्तुओं का डर बना रहता था। लेकिन जब गुरबारी को पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत उन्हें पक्का घर स्वीकृत हुआ, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना की किश्तों की राशि से अब अपना पक्का मकान तैयार हो गया है। इसी प्रकार श्री रतिराम बिरहोर के नाम से आवास स्वीकृत हुआ। इनके परिवार में पत्नी के साथ 02 पुत्र एवं पुत्री कुल 06 लोग रहते है। आवास स्वीकृति पूर्व इनका आवास घासफुस, झुग्गी झोपड़ी, कच्चा मकान था। खेती बाड़ी, रोजी-मजदूरी से वे जीवन-यापन करते हैं। अपने सपनों का आशियाना पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं। ये उनका अपना पहला पक्का मकान है।




## संक्षिप्त समाचार

### लिफ्ट देने के बहाने युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लिफ्ट देने के बहाने दो बहन को बाइक सवार युवक अपने साथ ले गया और जंगल में जाकर धमकी देते हुए एक युवती से दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। घटना पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित ग्राम रतखंडी की है। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी जिले पेंड्रा-गौरेला-मरवाही निवासी दो बहन किसी काम से आइ थी, जो दोपहर में वापस जाने के लिए मुख्य मार्ग किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रही थी। इस दौरान रतखंडी गांव का ईश्वर सिंह खुसरो 30 वर्ष अपने बाइक में उनके पास पहुंचा। उसने खुद को पेंड्रा की ओर जाने और बस आने की बात कही। साथ ही लिफ्ट देकर उन्हें पेंड्रा तक छोडने का भरोसा दिलाया। उसकी बात में आकर दोनों बहनें बाइक में बैठ गई। रास्ते में सुनसान जगह देखकर वह बाइक को जंगल के अंदर ले गया और वहां दोनों बहन को धमकाते हुए एक के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवक मौके से भाग गया। पीडिता किसी तरह घर पहुंची और स्वजनों को घटना की जानकारी दी। बाद में स्वजनों के साथ पाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### नहाते समय जलकुंभी में पैर फंसने से बैगा की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गढ़-उपरोड़ा से झाड़-फूंक करने के लिए शहर पहुंचे बैगा की तालाब में नहाते समय जलकुंभी में फंसने से मौत हो गई। शहर के सीएसईबी चैकी अंतर्गत कोहडिया में रहने वाले एक परिवार ने अपने घर में झाड़-फूंक करने गढ़-उपरोड़ा से बैगा इतवार सिंह मरकाम को बुलाया था। सुबह झाड़-फूंक करने के बाद वह नहाने के लिए कोहडिया के पास स्थित तालाब में गया था। जहां पानी में उतरकर नहाते समय जलकुंभी के बीच फंस गया। तालाब के पास उपस्थित लोगों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना के संबंध में पुलिस व नगर सेना को सूचना दी गई। नगर सेना से गोताखोर की टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने बोट के जरिए खोजबीन करते हुए बैगा को बाहर निकाला, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### कई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बरसात की प्रतीक्षा के बीच कई गांव पानी के संकट से जूझ रहे है। उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए बेमतलब के स्त्रोतों का सहारा भी लेना पड़ रहा है। मुड़ापार के टिकरीपारा में मोहल्लावासियों ने जल संकट को लेकर नाराजगी दिखाई। ग्राम सरपंच मूलभूत राशि का सही उपयोग नहीं कर पा रहा है। टिकरी पारा में दो जगह बोर खनन हुआ है जिसमें एक हैंडपंप खराब हो चुका है। अगर उसमें सफाई कार्य कर बनाया जाए मशीन को लगाया जाए तो हैंडपंप चालू हो जाएगा। इसी तरह एक वर्ष पूर्व एक बोर खनन हुआ है जिसमें मोटर फसने की बात कही गई है। उसे भी निकाल कर अगर सरपंच सचिव के द्वारा ध्यान दिया जाए तो यह भी बोर बन सकता है। केवल सरपंच ऐसे कार्य को दरकिनार कर रहा है। ऐसा प्रतीत होता है सरपंच अगर चाहे तो दो दिनों में पानी की समस्या को दूर कर सकता था लेकिन पूरी गर्मी के समय मोहल्ला वासी आसपास से पानी मांग कर अपना जीवन यापन करने को मजबूर रहे।

### सराफा कारोबारी से 18 लाख की ठगी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** शहर में एक सराफा कारोबारी से 18 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दरअसल, आरोपी ने बैंक में बंधक फ्लैट को बेचने का झांसा देकर सराफा कारोबारी से ठगी की है। आरोपी की सराफा व्यापारी से उसकी दुकान में खरीदारी के दौरान जान पहचान हुई थी, जिसका फायदा उठाकर उसने ठगी को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक गोंड़पारा निवासी सराफा व्यापारी दीपक सोनी के दुकान में उसलापुर श्याम रेसीडेंसी निवासी अभिषेक तिवारी ज्वेलरी की खरीददारी करने आता था। लंबे समय से दुकान में खरीददारी करने से उनके बीच घरेलू संबंध बन गए थे। इस बीच अभिषेक ने उधारी में जेवर खरीदना शुरू कर किश्तों में भुगतान करने लगा। उधार की रकम बढ़ जाने पर दुकान संचालक ने पैसा मांगा, तो उसने अपना फ्लैट बेचकर उधार की रकम चुका देने का आश्वासन दिया। दोनों के बीच बातचीत में आरोपी अभिषेक ने फ्लैट को दीपक से बेचने का सौदा तय किया और दीपक सोनी ने उसे 5 लाख 50 हजार एडवांस दे दिया। उसके बाद किश्तों में 18 लाख 50 हजार रुपए दे दिए, लेकिन अभिषेक फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं करा रहा था। उन्होंने इस बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि फ्लैट बैंक में बंधक है और कुर्क कर नीलाम कर दिया है।

# कमर्शियल माइनिंग के 10 वें दौर की नीलामी शुरू, छत्तीसगढ़ के 15 ब्लाक शामिल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** घरेलू कोयला उत्पाद बढ़ाने की दिशा में कोयला मंत्रालय लगातार कार्य कर रही है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद शुक्रवार को 10 वें दौर की कोयला कमर्शियल माइनिंग की नीलामी शुरू की गई। हैदराबाद में आयोजित एक समारोह के दौरान केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, तेलगांना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्ग व कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा उपस्थित रहे। आठ राज्य छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल के कुल 60 कोल ब्लाक नीलाम किया जाना है। इसमें छत्तीसगढ़ के 15 कोल ब्लाक में शामिल किए गए हैं, जिसमें ज्यादातर ब्लाक कोरबा, रायगढ व अंबिकापुर के हैं। इसके अतिरिक्त कमर्शियल माइनिंग के नौ वें दौर के दूसरे प्रयास के तहत पांच कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी। 24 कोयला खदानों का पूरी तरह से व 36 का आंशिक रूप से अन्वेषण किया गया है। घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यहां बताना होगा कि वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान कैप्टिव और कमर्शियल खदानों का सामूहिक कोयला उत्पादन 10 करोड़ टन को पार कर गया है और वित्तीय वर्ष 26 तक इसके 20 करोड़ टन को पार करने की संभावना है। माइन डेवलपर एंड आपरेटर्स (एमडीओ) जैसे आउटसोर्सिंग माडल के माध्यम से बंद व घाटे की खदानों को पुनर्जीवित किया जा रहा। 10 वें दौर की नीलामी प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की जिन कोल ब्लाकों को शामिल किया गया है, उनमें छाल वेस्ट, गारे पलमा चार-पांच, करतला नार्थ, करतला साउथ, कोटमेर नार्थ, कोटमेर साऊथ, नवागांव ईस्ट, नवागांव वेस्ट, तेर्म, उलईघमारडीह, विजय नगर साऊथ, विजय नगर नार्थ, कुसेहा, वेस्ट आफ बेंसी व भटगांव विस्तार हैं। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) व उसकी सहायक कंपनियों ने वर्ष 2023-24 में 7736.3 लाख टन कोयला उत्पादन किया था। जबकि वर्ष 2022-23 के दौरान 7032.0 लाख टन रहा।

# नगर निगम चुनाव से पहले वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया जारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश के लाभकारी नगर निगम में शामिल कोरबा के साथ गठन के समय से उपस्थित रहे बांकीमोंगरा क्षेत्र को उसकी मांग पर अलग कर दिया गया है। उसे नगर पालिका का दर्जा दिया गया। पहली बार यहां चुनाव संपन्न होंगे। इससे पहले अब क्षेत्र में इस बात पर मंथन हो रहा है कि क्या लोगों ने कहीं इस तरह की मांग कर गलती तो नहीं कर दी। दरअसल विकास के मामले में छोटे निकायों की तुलना में बड़े निकायों को वित्तीय मद्द और संसाधन ज्यादा मिलते है। नगर निगम कोरबा में 08 वार्डों को पृथक कर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में जोड़ा गया है। नगर निगम के 1999 में अस्तित्व में आने के साथ यह क्षेत्र इसमें शामिल रहा। 25 वर्ष की इस यात्रा में प्रदेश और केंद्र नगरीय विकास विभाग की ओर से प्राप्त फण्ड के जरिए इस क्षेत्र में बुनियादी से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान की गयी। खबर के मुताबिक नगर पालिका के प्रथम चुनाव से पहले वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया जारी है। निगम के पूर्व 08 वार्डों की कुल आबादी का विभाजन कर इसे 30 वार्डों में समायोजित किया जा रहा है। इस हिसाब से आगे की व्यवस्था पर काम होगा। जानकारों का कहना है कि जिले में दूसरे निकायों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। ऊपर से बांकीमोंगरा में संसाधनों का टोटा स्पष्ट दिख रहा है। कहीं ऐसे में क्षेत्र की ओर से अलग नगर पालिका गठित करने का जो प्रस्ताव उन्होंने दियाा था, कहीं वह दांव उल्टा न पड़ जाये।

# दल्लीराजहरा में नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ

**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** सांसद भोजराज नाग के द्वारा 20 जून को बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 दल्लीराजहरा में नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पवन साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे विशेष रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले के लौह नगरी दल्लीराजहरा में वेट लेफ्टिंग खेल को बढ़ावा देने हेतु खेल विभाग के द्वारा जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का निर्माण किया गया है। दल्लीराजहरा के बीएसपी स्कूल क्रमांक 02 में वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ होना खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इस अवसर पर सांसद श्री नाग ने वेट लेफ्टिंग खेलों इण्डिया मिनी सेंटर का शुभारंभ कर नगर व जिले के खेल प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अतिथियों ने इस नवनिर्मित वेट लेफ्टिंग सेंटर का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से वेट लेफ्टिंग सेट को उठाकर खेल का अभ्यास भी किया गया। इसके अलावा मौके पर उपस्थित वेट लेफ्टिंग खिलाड़ियों के द्वारा अतिथियों के समक्ष खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद श्री नाग ने मौके पर उपस्थित वेट लेफ्टिंग खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। इस मौके पर एसडीएम श्री रामकुमार सोनकर, सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा वेट लेफ्टिंग खिलाड़ी एवं खेल ऐसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# शिक्षक बनने के लिए डिग्री धारकों ने दी परीक्षा

### पीपीटी में 1507 छात्र हुए शामिल, दोनों परीक्षाओं में 19000 पंजीकृत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने और दो चुनाव की व्यस्तता के बाद अब प्रतियोगी चयन परीक्षाएं शुरू हुई है। रविवार का दिन तीन परीक्षाओं को समर्पित रहा। कोरबा जिले में 55 केंद्र इन परीक्षाओं के लिए बनाए गए जहां पर 19000 से ज्यादा आवेदक पंजीकृत हुए। इनमें से काफी संख्या में आवेदक होने परीक्षा को फेस किया। जबकि आवेदकों की कुछ संख्या अलग-अलग कारण से इस परीक्षा से दुर रही। परीक्षा संपन्न करने के लिए प्रशासन की ओर से पारदर्शी और सख्त व्यवस्था सभी केंद्र में की गई। इन परीक्षाओं के लिए तीन अलग-अलग चरण में व्यवस्था की गई। डिप्टी कलेक्टर स्टार के अधिकारी को परीक्षा संपादन के लिए नोडल ऑफिसर बनाया गया। जबकि लीड कॉलेज कोरबा की प्रिंसिपल डॉक्टर साधना करें को सहायक नोडल ऑफिसर की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त सभी केदो के लिए प्रभारी और पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए जिन्होंने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। कोरबा नगर के अलावा आसपास के कॉलेज ब स्कूलों को परीक्षा केंद्र के रूप में अधिकृत किया गया। बताया गया कि रविवार को सुबह 9रू15 से 12 बजे तक प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट की परीक्षा 5 केंद्रों में ली गई। इस परीक्षा के लिए 1507 छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। रविवार को दो चरण में टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट टीईटी परीक्षा भी रखी गई। सहायक नोडल ऑफिसर ने बताया कि प्रथम शिफ्ट में इस परीक्षा के लिए 17 केंद्र बनाए गए जहां पर 6553 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हुए। इसके लिए सुबह 9रू30 से दोपहर 12रू15 बजे का समय अधिसूचित किया गया। जबकि द्वितीय शिफ्ट में इसी परीक्षा के लिए 33 केंद्र बनाए गए हैं यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4रू45 बजे तक संपन्न होगी। इसके लिए 10963 परीक्षार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इन तीनों परीक्षाओं में प्रशासन के निर्देश पर परीक्षार्थियों को केवल लेखन सामग्री लाने की सुविधा दी गई। मोबाइल और अन्य चीजों को इसे प्रतिबंधित किया गया। किसी भी तरह से अनुचित साधन का इस्तेमाल ना हो सके, इसके लिए उपयुक्त जांच प्रक्रिया भी परीक्षा से पूर्व अपनाई गई।

# मुख्य न्यायाधीश ने किया लीगल एड डिफेंस कॉँसिलों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा राज्य न्यायिक एकेडमी के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के 23 जिलों में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ, डिप्टी व असिस्टेंट लीगल एड डिफेस कौंसिलों के लिए तीन दिवसीय एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन राज्य न्यायिक एकेडमी, बिलासपुर में किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ सत्र में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में कौंसिलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के माध्यम से अभिरक्षाधीन बंदियों एवं जरूरतमंदों को उच्च गुणवत्तायुक्त नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना सभी कौंसिलों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उनका वे प्रभावी रूप से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जो नये कानून लागू होने हैं, उनका कौंसिलगण सूक्ष्मता से अध्ययन करें ताकि विचाराधीन बंदियों व जरूरतमंद व्यक्तियों की ओर से उचित प्रतिरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुडी ने कौसिलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नालसा एवं सालसा का मुख्य उददेश्य निर्दोष एवं जरूरतमंदों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है जिसके लिए डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त कौंसिलगण अपने कार्य को नियोजन न मानकर सेवा कार्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। प्रशिक्षण कार्यकम में छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य न्यायिक एकडेमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने उपस्थित कौंसिलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का मुख्य उददेश्य बेहतर न्याय व्यवस्था तथा सामाजिक समानता लाना है और लोगों को शीघ्र व प्रभावी न्याय प्रदान करना है।



### उपयोगी पौधे लगाए यूथ हॉस्टल ने

**कोरबा(विश्व परिवार)।** साहसिक और रोमांचक गतिविधियों के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन यूथ हॉस्टल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा मानसून सत्र में पर्यावरण को लेकर भी अपने सामाजिक सरोकार दिखाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में संगठन की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कोरबा इकाई ने 23 जून को नेहरू नगर कोरबा में किया। संगठन की ओर से इस क्षेत्र में पर्यावरण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जामुन, अमरूद, चीकू व अन्य फलों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइंडिया के सदस्यों ने पौधों की सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में पति परिवार, सेठ परिवार, शर्मा परिवार, ताम्रकार परिवार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन यूनिट चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी को जलपान कराया गया। आयोजन करने वाले संगठन की ओर से बताया गया कि पिछले वर्षों में हसदेव नदी के किनारे भी इस प्रकार की कोशिश की गई है ताकि क्षेत्र की जनता को लाभ देने के साथ और वहां के पर्यावरण को बेहतर किया जा सके।

## संपादकीय

# जीरो टेरर प्लान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है। केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोड़ने की बात भी दोहराई। आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया। घटना में सात सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हुए हैं। हालांकि इस दरम्यान मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकी मारे गिराए जिनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। उनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद हुए। सरकार के कड़े रुख और स्पष्ट निर्देशों के चलते सैन्य बलों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। खासकर मोदी सरकार के शांति बहाली के प्रयासों से स्थानीय रहवासी भी सुकून की सांस ले पा रहे हैं। सीमा पार से आतंक रोकने और घुसपैठियों का खात्मा करने की कोशिशों का ही नतीजा है कि कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा कवर लगाने का आह्वान तथा तीर्थस्थलों और सभी पर्यटन स्थलों के प्रति सुरक्षा बढ़ाने की कवायद में तेजी लाने का असर जल्द देखने को मिल सकता है। मानव खुफिया जानकारी जुटाने और घुसपैठ के ठिकानों को बंद करने के अलावा क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने निर्णय केंद्र के सकारात्मक प्रयासों का नमूना है। प्रतीत हो रहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने पूरी तैयारी के साथ आतंकवाद से जूझने के लिए कमर कस ली है।

## विशेष लेख

# लोकसभा का अगला स्पीकर कौन होगा?

संजय दीक्षित

नई संसद का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है । 26 जून को लोकसभा के लिए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद के लिए चुनाव होगा । परम्परा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है । परन्तु पिछली लोकसभा में कोई भी अधिकृत विपक्ष का नेता नहीं था क्योंकि उसके पर्याप्त संख्या में लोकसभा में सदस्य नहीं थे । शुरू-शुरू में जनता दल (यूनाइटेड) ने रेलवे और वित्त मंत्रालय की मांग की थी, तेलगुदेशम ने स्पीकर का पद चाहा था । परन्तु भाजपा स्पीकर का पद अपने पास रखना चाहती है । असल में किस सदस्य को निष्कासित करना या किसी दल में टूटन की स्थिति में कौन असली पार्टी है, किसके पास चुनाव चिन्ह रहेगा, स्पीकर तय करता है । पिछले दिनों हुई बैठक में जिसमें एन.डी.ए. के सहयोगी दलों के सदस्य थे, उन्होंने सर्वसम्मति से स्पीकर पद पर भाजपा के चुनने का अधिकार दे दिया है । भाजपा ने उदारता दिखलाते हुए डिप्टी स्पीकर का पद अन्य सहयोगी दलों को देना तय हुआ है । ऐसी स्थिति में विपक्ष स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकती है, यद्यपि संख्या बल को देखते हुए उसका जीतना असंभव है । असल में स्पीकर का आसन बहुत जिम्मेदारी का होता है। सभी सदस्यों को उसके प्रति उदारता दिखलानी चाहिए । परन्तु इस चुनाव में दोनों पक्षों की ओर से जैसा प्रचार हुआ, उसे कड़वाहट और बढ़ गई और विपक्ष अपना उम्मीदवार जरूर उतारेगी । यद्यपि उसके जीतने के कोई चांस नहीं है, फिर भी इससे स्पीकर पद की गर्म में तो कमी आयेगी ही । असल में शायद भाजपा पुन: ओम बिरला को चुनना पसंद करे और डिप्टी स्पीकर के लिए तेलुगु देशम की किसी महिला को यह पद देना चाहेंगे । चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी दग्गुबाती पुरंदेश्वरी का नाम स्पीकर पद के लिए लिया जा रहा था, पर वे इतनी सीनियर हैं कि डिप्टी स्पीकर का पद शायद ही स्वीकार करें । जब कोई दल टूटता है तो स्पीकर का निर्णय अहम हो जाता है । महाराष्ट्र में शिवसेना की टूटने पर स्पीकर ने अपना फैसला डाले रखा, और चाहा कर भी सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सका कि यह आरोप न लगे कि स्पीकर के अधिकार का सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण किया है । यूं कहने के लिए यह एन.डी.ए. की सरकार है परन्तु असल में यह भाजपा की ही सरकार है । मंत्री पद के बंटवारे से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है । असल में जे.डी.यू. के 12 और तेलुगु देशम के 16 सदस्यों के अलावा शेष दल के मात्र एक-एक सांसद हैं और सभी को मंत्री पद मिल गये हैं । वे किस बलबूते पर बगावत कर सकते हैं । भाजपा 240 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े से 32 काम हैं । परन्तु अनेक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने भाजपा का समर्थन किया है । ऐसे में अन्य दलों में नरेंद्र मोदी की पर्सनेलिटी के बराबर कोई टिक ही नहीं सकता । इस कारण इस तीसरे कार्यकाल में भी मोदी जी उसी तत्परता से अपना लक्ष्य पूरा कर सकेंगे, जैसे वे पिछले कार्यकालों में कर चुके हैं । असल में 400 पर का नारा और भाजपा को 370 के नारे ने लोगों में उदासीनता भर दी थी । फिर इस भयंकर गर्मी में बहुत से भाजपा के समर्थक वोट डालने गये ही नहीं । इसी कारण इस बार वाराणसी से नरेंद्र मोदी जी को उतने मतों से बढ़त नहीं मिली जितने पहले और दूसरे कर्यकाल के दौरान मिली थी । मोदी जी का करिश्मा ही कुछ ऐसा है, कि लोग अपने को मोदी का परिवार मानते हैं । फिर उनकी कर्मठता और निष्ठा के सामने कोई भी विपक्ष का नेता टिक नहीं पाता । विपक्ष वैसे भी खंडित है, तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा । मायावती ने विपक्ष को ज्वाइन ही नहीं किया यद्यपि इस बार लोकसभा में उनका कोई उम्मीदवार नहीं है । असल में जिस तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में देश में विकास हो रहा है, उसको देखते हुये तो सभी को एक होकर भारत के विश्व गुरु बनने में मदद करनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से बढ़कर देश का विकास पहले है ।

# वर्षा ऋतु में आहार विहार एवं उपवास

डॉ शैलेष जैन





आयुर्वेद का मुख्य प्रयोजन स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा रोगी मनुष्य के रोग की चिकित्सा करना है। इस प्रयोजन की सम्पूर्ति हेतु आचार्यो ने दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या का विधान बताया है।आयुर्वेद में हर एक मौसम के अनुरूप जीवनशैली और खानपान के नियम बताए गए हैं। आयुर्वेद के इन नियमों को ऋतुचर्या कहते हैं। हमारे देश में छह ऋतुएं आती हैं। इनमें से एक वर्षा ऋतु भी है। वर्षा ऋतु को वर्षाकाल, वर्षोमास, चौमास अथवा चातुर्मास के नामों से भी जाना जाता है। छह ऋतुओं में यदि वर्षा ऋतु न हो, तो बाकी की ऋतुएं महत्वहीन हो जाती हैं। इसके बिना उनका सारा सौंदर्य जाता रहता है। वर्षाकाल ही अपने शीतल जल से धरती मां की प्यास बुझा कर उसे उर्वर बनाता है। बदले में धरती मां हमें धन-धान्य से परिपूर्ण कर वैभवशाली बनाती है और इस प्रकार हमारी ही नहीं, इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी प्राणियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। वर्षाकाल से ही हमारा ऋतु चक्र संभव हो पाता है। वर्षा न हो तो सूखा और अकाल पड़ना अवश्यंभावी है। वर्षाकाल आते ही कुछ स्वाभाविक बदलाव प्रकृति में होने लगते हैं, जिनमें पर्यावरण का परिवर्तन सबसे प्रमुख है। जहां वर्षा का शीतल जल वातावरण को ठंडक प्रदान कर सुहावना और प्रिय बना देता है, वहीं यह नाना प्रकार के जीवों की उत्पत्ति में भी सहायक बनता है। वर्षाकाल जप-तप और त्याग को निमंत्रण देता है। इन सबका संबंध मन की स्वस्थता व आत्मशुद्धता से है। विचारों की एकाग्रता से मन स्वस्थ रहता है। आहार की स्वल्पता से तन को स्वस्थ रहने में सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त वर्षा ऋतु में बहुत से पदार्थ बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं। उनका सेवन शरीर के लिए हानिकारक है इसलिए वर्षाऋतु में उपवास का महत्व बढ़ जाता है। तप इस ऋतु में तन को निरोग रखता है। ऋतु चक्र और पर्यावरणीय विशेषताओं को ध्यान में रख कर निर्धारित किए गए हमारे धर्माचार हमारे जीवन को प्रकाशित कर हमें सन्मार्ग की ओर ले जाते हैं, जिससे हमारा जीवन सुगंधित बनता है।अत: वर्षाकाल हमारे जीवन का सुनहरा अवसर है। इस से लाभ प्राप्त करने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। इन दिनों प्रकृति की समस्त कृपा हम पर बनी रहती है। शारीरिक दृष्टि से जप, तप, स्वाध्याय और मनन-चिंतन इस ऋतु में आवश्यक है, क्योंकि प्रकृति का परिवर्तन हमारे शरीर को प्रभावित करता है। जप-तप करने से इस परिवर्तन का कोई दुष्प्रभाव हम पर नहीं पड़ता। आयुर्वेद में काल को वर्षा, शरद, हेमन्त, शिशिर, बसन्त, ग्रीष्म इन छ: ऋतुओं में बाँटा गया है। इन ऋतुओं में पृथक-पृथक् चर्या बतायी गयी है। यदि मानव इन सभी का ऋतुओं में बतायी गयी चर्याओ का नियमित व विधिपूर्वक पालन करता है, तो किसी प्रकार के रोग उत्पन्न होने की सम्भावना नहीं रहती है, अन्यथा अनेक मौसमी बिमारियों से ग्रस्त हो जाता है। मौसम के बदलाव के साथ ही खान-पान में बदलाव जरूरी है, ये बदलाव करके मौसमी-रोगों से बचा जा सकता है। वर्षा, शीत या उष्ण ऋतुओं में मात्रापूर्वक भोजन करने पर बल-वर्ण और आयु की वृद्धि तो दूर रही, व्यक्ति बीमार पड़ जाते हैं। जो व्यक्ति यह जानता है कि किस ऋतु में किस प्रकार का विहार (व्यवाय-व्यायाम अभ्यंग निद्रा आदि) और आहार अनुकूल पड़ता है तथा तदनुसार ही आहार- विहार करता है, उसी पुरुष के माषापूर्वक अशित, पोत, लौढ या खादित आहार से उसके बल और वर्ण श्री वृद्धि होती है। हमारे यहाँ वर्ष का तीसरी ऋतू वर्षा ऋतू होती हैं।यह जुलाई से अक्टूबर तक वर्षाकाल होता हैं। शुरू शुरू में आकाश मेघों से घिरा रहता हैं,इससे कड़ी गर्मी पड़ती हैं और पसीना अधिक आता हैं।स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्षा का आरम्भ और अंत दोनों कष्टकाल होते हैं।गर्मी के कारण मनुष्य का शरीर अत्यंत दुर्बल होता हैं।दुर्बल शरीर में एक तो जठराग्नि दुर्बल होती हैं और वर्षा ऋतू आ जाने से दूषित वातादि दोषों से दुष्ट जठराग्नि और भी दुर्बल हो जाती हैं।इस ऋतू में भूमि से वाष्प निकलने,आकाश से जल बरसने तथा जल का अम्ल विपाक होने से जब अग्नि का बल क्षीण हो जाता हैं तव वातादि दोष प्रकुपित हो जाते हैइसलिए इस ऋतू में अत्यंत सावधानी की जरुरत होती हैं । ज्यादातर हेल्थ प्रॉब्लम्स हाथों की गंदगी से शुरू होती है इसलिए जब भी कुछ खाएं, पहले हाथ धो लें। बिना हाथ धोए कोई भी चीज टच न करें। यहां तक कि अपने बाल और स्किन को भी नहीं। अगर नाखून बढ़ाने के शौकीन हैं, तो बारिश के मौसम में इन्हें छोटा ही रखें क्योंकि नाखून में फंसी गंदगी भी बीमारियों का कारण बन सकती है।

### वर्षा ऋतु में पथ्य आहार- विहार

- कड़वे और नमकीन टेस्ट वाली चीजों का सेवन अधिक करें।
- चावल, छाछ, पतली दही, दूध, कद्दू, करेला, जीरा, अदरक और कच्चे प्याज का सेवन कर सकते हैं।
- बरसात में गैस, अपच जैसी पेट की प्रॉब्लम्स अधिक होती है इसलिए बाहर का खाना या बासी खाना न खाएं।
- अपनी डायट में विटमिन ई और ओमेगा 3 को शामिल करें।
- नींबू, आलूबुखारा, ऑरेंज, आंवला, अमरूद जैसे विटमिन सी से भरपूर चीजें बीमारियों से बचाने के साथ ही स्किन को भी फ्रेश करने का भी काम करती है।

### वर्षा ऋतु में अपथ्यआहार- विहार

- पत्तेदार सब्जियां मॉनसून में बिलकुल न खाएं। इनमें सेल्यूलोज होता है, जो बारिश के मौसम में ठीक तरह से डाइजेस्ट नहीं हो पाता।
- स्ट्रीट फूड और फास्ट फूड से करें परहेज।
- पहले से कटे और खुले में रखे फल बिलकुल न खाएं।
- तेज नमक वाला खाना या खट्टी चीजें खाने से परहेज करें।
- बहुत ज्यादा तला-भुना खाना भी न खाएं।

### गीले कपड़ों से करें तौबा

अगर आप बारिश में भीग गए हैं, तो जितनी जल्दी संभव हो खुद को सुखाकर साफ कपड़े पहन लें। खासतौर पर गीले अंडरगार्मेंट्स को पहनकर रखना फंगल इन्फेक्शन की वजह बनता है। इसके अलावा जूते, मोजे को भी हमेशा सूखा रखें। हफ्ते में एक दिन जूतों को कुछ देर धूप में रखें, जिससे उसमें मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाए।

### घर की साफ-सफाई है जरूरी

घर के आसपास पानी न जमा होने दें। इससे मच्छर व दूसरे कीटाणु पैदा नहीं होंगे। घर को नमी से बचाने के लिए जहां लीकेज हो रहा हो, उसे तुरंत ठीक करवा लें। कई बार दीवारों में नमी होने से भी घर में कीड़े हो जाते हैं। घर के हर एंट्रेंस गेट पर फ्लोर मैट लगाएं। इससे कीचड़ घर के अंदर नहीं आएगा। साथ ही, एंट्रेंस गेट के किसी कोने में शू रैक रखें। इससे बारिश में भीगकर आए जूते वहीं उतारे जा सकेंगे। मॉनसून में किचन को बदबू से बचाने के लिए रोजाना स्प्रे करें। किचन में चीटियां न आए, इसके लिए सिरके से 2-3 बार वाइप करें। रात को नालियों में पेस्टिसाइड्स डालें, जिससे कॉकरोच घर के अंदर जगह न बना पाएं।

### न ठहरे स्किन पर पसीना

स्किन को हेल्दी रखने के लिए दिन में दो बार साबुन लगाकर नहाएं। एक-दूसरे के तौलिया और कपड़ों का प्रयोग न करें। स्किन पर पसीना न ठहरने दें। इसे किसी साफ कपड़े से पोंछते रहें नहीं तो फंगल इंफेक्शन का खतरा बना रहता है। पसीने की समस्या से बचने के लिए डिओड्रेंट या टैलकम पाउडर यूज करें। वर्षा ऋतू में नदी,तालाब का पानी भूलकर नहीं पीना चाहिए।कुए का पानी भी कपडे की दो तहों में छानकर पीना चाहिए।यदि हैज़ा,पीलिया,दस्त, ,उलटी आंव जुकाम, खांसी,मलेरिया बुखारआदिआने पर पानी को उबालकर, ठंडा कर पीना चाहिए।वर्षा ऋतू में चारों ओरकीचड सड़ांध-सीलन होने से वातावरण दूषित होने से पेट के विकार और मलेरिया,मोतीझिरा आदि ज्वर इन्ही दिनों होते हैं।इन दिनों थोड़ा भूखा रहना अच्छा होता हैं।इसका एक कारण यह भी हैं की सूर्य उदय न होने से जठराग्नि कमजोर रहती हैं। वर्षा ऋतू में जल में घुला हुआ सत्तू,दिन में सोना, ओस गिरते समय उसमे बैठना या घूमना,व्यायाम,धुप में बैठना और मैथुन छोड़ देना चाहिए। शुरूआती वर्षा से बचना चाहिए कारण उस वर्षा के पानी में धूल और अम्लीयता होने से त्वचा रोग होने की संभावना होती हैं।इन दिनों वात रोगों की वृद्धि की संभावना बहुत होती हैं जैसे सन्धिवात,आमवात,जोड़ों का दर्द। भोजन के साथ पंचकोल का चूर्ण लेना लाभकारी होता हैं।सौंठ,पीपल,पीपलमूल,चव्य और चित्रक मिलाकर पंचकोल चूर्ण बनाकर सेवन से यह दीपन पाचन का कार्य करता हैं। सावन का महीनाआते ही व्रत और उपवास का सिलसिला शुरू हो जाता है। उपवास भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। मेडिकल साइंस भी मानता है कि सही तरीके से यदि फास्टिंग की जाए, तो यह न केवल वजन कम करने में मदद करता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इसके साथ ही यह हार्ट, हाई ब्लडप्रेशर और अस्थमा से संबंधित समस्याओं के इलाज में भी प्रभावी है। आयुर्वेदके अनुसार, मौसम में परिवर्तन के कारण उपवास किया जाता है। उपवास बदलते मौसम में शरीर को समायोजित करने और डिटॉक्सिफाई होने में मदद करता है। इस समय शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिसके कारण लोगों को इन्फेक्शन जल्दी होता है इसलिए हल्का भोजन करने की सलाह दी जाती है। कुछ लोगों के लिए उपवास का मतलब पूरे दिन तक भूखे-प्यासे रहना और दूसरे दिन हैवी, डीपफ्राईड फूड करना हैजबकि कुछ लोग उपवास के दौरान दिन भर आलू, आलू के चिप्स, साबूदाने के चिप्स जैसे फैटी फूड का सेवन करते रहते हैं। उपवास के ये दोनों ही तरीके बिल्कुल गलत हैं। इससे स्वास्थ्य को फायदे की बजाए नुकसान ही होता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप उपवास का सही तरीका जानें। डायबिटीज के पेशेंट उपवास न करें। यदि उनकी इच्छा है, तो शुगरलेस हेल्दी फूड लें। डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद ही उपवास रखें क्योंकि ब्लड शुगर लेवल हाई और लो होना दोनों उनके लिए खतरनाक है।

# देश में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

कुलदीप चंद अग्निहोत्री




मोहन भागवत जी का यह विश्लेषण या टिप्पणियां भारत के राजनीतिक जीवन के सूत्रधारों के लिए विशेष महत्व रखती हैं, लेकिन इन टिप्पणियों के आलोक में संघ और भाजपा के रिश्तों की तलाश करना गलत दरवाजा खटखटाना ही कहा जाएगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भारतीय जनता पार्टी से क्या संबंध है, यह प्रश्न 1950 के बाद से ही उठता बैठता रहा है। जून 1975 में जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक निर्णय ने इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी, तब उसने प्रधानमंत्री के पद से त्यागपत्र देने की बजाय देश में आंतरिक आपात स्थिति की घोषणा कर दी। संविधान के प्रमुख प्रावधान स्थगित कर दिए और लाखों लोगों को जेल में डाल दिया। कांग्रेस के उस समय के अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने तो देश में घूम-घूम कर प्रचार करना शुरू कर दिया था कि 'इंदिरा ही भारत है और भारत ही इंदिरा है'। जब कांग्रेस को विश्वास हो गया कि पूरा देश पूरी तरह उसके शिकंजे में फंस गया है तो सरकार ने लोकसभा चुनावों की घोषणा कर दी। देश में लोकतंत्र के अस्तित्व को ही खतरे में देख देश के चार प्रमुख राजनीतिक दलों ने विलय कर जनता पार्टी के नाम से नए दल की स्थापना की। नए दल में भारतीय जनसंघ और समाजवादी पार्टी भी शामिल थीं। चुनाव में कांग्रेस पराजित हो गई और जनता पार्टी जीत गई। भारतीय जनसंघ में बहुत से ऐसे लोग भी थे जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे। समाजवादी पार्टी के लोगों ने मांग करनी शुरू कर दी कि ऐसे लोग जनता पार्टी के सदस्य तभी रह सकते हैं यदि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता से त्यागपत्र दें। इसे उन्होंने तथाकथित दोहरी सदस्यता का मामला बताया। जनसंघ के वे लोग जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे, का कहना था कि संघ कोई राजनीतिक दल नहीं है और न ही उसकी सदस्यता के लिए आवेदन करना पड़ता है। दरअसल संघ में सदस्यता की वह अवधारणा है ही नहीं, जिस प्रकार की अवधारणा राजनीतिक दलों में है। जो व्यक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में आता है, वह संघ का स्वयंसेवक है, सदस्य नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक आन्दोलन है। राजनीतिक दलों के लोग अनेक सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं से विभिन्न गतिविधियों के लिए जुड़े रहते हैं। अब यदि कोई यह मांग करे कि राजनीतिक दल के लोगों को देश की सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं से नाता तोड़ लेना चाहिए, तो उसकी यह सोच विकृत सोच ही कही जाएगी। इसके विपरीत राजनीतिक लोगों को तो देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से और भी गहराई से जुडना चाहिए, तभी वे देश के स्वभाव और प्रकृति को समझ पाएंगे। यदि देश का कोई दल देश के स्वभाव और प्रकृति से ही दूर हट जाएगा, तो वह देश के लोगों का प्रतिनिधि होने का दावा किस प्रकार कर सकेगा, लेकिन जिन लोगों ने राजनीति ही पश्चिम के देशों के संकल्पों में से सीखी हो, वे भारतीय मानस को पढ़ नहीं पा रहे थे और देश के सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से छिटकी राजनीतिक संस्थाएं निर्माण कर रहे थे। भारतीय जनसंघ के उन लोगों ने जो राष्ट्रीय संवयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे, संघ से संबंध विच्छेद करने की मांग को स्वीकार नहीं किया। वे जनता पार्टी से बाहर आ गए। उनके साथ बहुत से ऐसे लोग भी बाहर आ गए जो संघ के स्वयंसेवक तो नहीं थे, लेकिन सिद्धांत के तौर पर इस मांग से सहमत नहीं थे कि राजनीतिक क्षेत्र के लोगों को देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से संबंध विच्छेद कर लेना चाहिए। बल्कि इस पूरे विवाद के कारण देश के समाज विज्ञानियों में यह बहस छिड़ गई कि मोटे तौर पर देश की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाएं देश के बृहत्तर समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं और राजनीतिक दल स्टेट का। देश में समाज बड़ा है या स्टेट ? समाज के नियंत्रण या समाज के जीवन मूल्यों से दूर जाकर तो राजनीति, राजनीति नहीं बल्कि शैतान नीति बन कर रह जाएगी और अंतत: तानाशाही की ओर अग्रसर हो जाएगी। लेकिन इस विवाद का अंतिम परिणाम यह हुआ कि इन सब लोगों ने मिल कर एक नए राजनीतिक दल, भारतीय जनता पार्टी का गठन कर लिया। इस विवाद का दूसरा परिणाम यह हुआ कि अगले चुनावों में जनता पार्टी पराजित ही नहीं हुई, बल्कि अल्पकाल में उसका अस्तित्व ही समाप्त हो गया। इस पराजय का विश्लेषण दो प्रकार से किया गया। पहला विश्लेषण यह था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जनता पार्टी का समर्थन करना बंद कर दिया, इसलिए वह पराजित हो गई और कालगति को प्राप्त हुई। लेकिन दूसरा विश्लेषण था कि जनता पार्टी ने सिद्धांतत: स्वयं को देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से दूर कर लिया, इससे वह कालगति को प्राप्त हुई। मुझे लगता है कि दूसरा विश्लेषण ज्यादा सही कहा जा सकता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने देश के राजनीति विज्ञान के पंडितों के आगे एक दूसरा प्रश्न भी खड़ा कर दिया। कुछ राजनीतिक पंडितों का कहना था कि यदि कोई राजनीतिक दल देश की सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ा रहता है तो वह सांप्रदायिक हो जाता है। लेकिन दूसरे राजनीतिक पंडितों का कहना था कि यदि राजनीतिक दल देश के सांस्कृतिक जीवन से टूट जाता है तो वह देश के लिए ही अप्रासंगिक हो जाता है, जैसे जनता पार्टी देश के लिए अप्रासंगिक हो गई। दरअसल ऐसा भी कहा जाता है कि राजनीति किसी भी देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का केवल एक हिस्सा है। समग्र स्वरूप देश का सामाजिक-सांस्कृतिक पक्ष ही है। पश्चिमी देशों के पिछले पांच-छह सौ साल के राजनीति विज्ञान के साहित्य को पढने से यह धारणा बनती है कि वहां राजनीति को समग्र स्वरूप में स्वीकार किया जाता है और वहां के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को मात्र उसका एक छोटा सा हिस्सा। क्योंकि भारत के विश्वविद्यालयों में भी तीन सौ साल से वही अवधारणाएं परोसी जा रही हैं, संतुलन के लिए भी इन विषयों की भारतीय अवधारणाओं को नहीं पढ़ाया जाता, इसलिए यहां भी तथाकथित थिंक टैंक धीरे धीरे इन्हीं विदेशी अवधारणाओं के आलोक में निष्कर्ष निकालते हैं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि आज लगभग पांच दशकों बाद फिर यही प्रश्न उठ रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का देश की राजनीति से क्या ताल्लुक है? इस प्रश्न की संरचना चाहे अलग प्रकार की है, लेकिन मूल वही है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आपस में क्या संबंध है, यह बहस तब शुरू हुई जब संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने भारत में सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रख कर यह टिप्पणी की कि आधुनिक युग में लोकतंत्र का जो स्वरूप है, उसमें धीरे धीरे विरोधी राजनीतिक दल को शत्रु मान लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह भारत के सामाजिक जीवन के लिए अंतत: घातक सिद्ध हो सकती है। लोकतंत्र में पक्ष और प्रतिपक्ष होते हैं, मगर ये दोनों परस्पर पूरक होते हैं, न कि एक दूसरे के शत्रु। इसी प्रकार राजसत्ता की प्रकृति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि राजसत्ता अहंकार को जन्म देती है। अहंकार सब व्याधियों का मूल है। इसलिए राजनीति के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को अहंकार से बचना चाहिए। मोहन भागवत जी का यह विश्लेषण या टिप्पणियां भारत के राजनीतिक जीवन के सूत्रधारों के लिए विशेष महत्व रखती हैं, लेकिन इन टिप्पणियों के आलोक में संघ और भाजपा के रिश्तों की तलाश करना गलत दरवाजा खटखटाना ही कहा जाएगा। जहां तक लोकसभा चुनावों के बीच और उसके बाद भाजपा को लेकर भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के उस बयान का संबंध है जिसमें उन्होंने कहा था कि जिस समय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, उस समय भाजपा कमजोर थी, इस कारण हम संघ से सहायता लेते थे, लेकिन अब हम अपने बल पर ताकतवर हो गए हैं, इसलिए अब हमें उनसे सहायता की जरूरत नहीं है, तो यह नड्डा जी की व्यक्तिगत राय ही मानी जानी चाहिए।

## जन्म कल्याणक महोत्सव : भगवान के जन्म उपरांत निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**जतारा (विश्व परिवार)।** अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा के शांति विद्या नगर में चल रहे भव्य पंचकल्याणक महा महोत्सव के तीसरे दिन भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव संपन्न किया गया। अयोध्यापुरी में भगवान के जन्म कल्याणक की क्रियाएं संपन्न की गयीं।

प्रात: काल सर्वप्रथम इंद्र द्वारा प्रतिष्ठा मंडल की तीन परिक्रमा दी गई, जन्म के संस्कार होते ही प्रभु तीर्थंकर के जन्म की घोषणा हुई सारा नगर जय जय कारों से गूंज उठा। भगवान का जन्म होते ही, स्वर्ग लोक में सोधर्म इंद्र का सिंहासन कंपायमान मान हुआ, सोधर्म इंद्र को अपने अवधि ज्ञान से पता चला कि अयोध्या नगरी में तीर्थंकर बालक का जन्म हो चुका है।

सोधर्म इंद्र, अपने दल-वल सहित ऐरावत हाथी पर सवार होकर अयोध्यापुरी पहुंचता है। शची इंद्राणी द्वारा बालक को गर्भ ग्रह से लाया गया और अपने स्वामी सौधर्म इंद्र को सोपा गया, सोधर्म इंद्र तीर्थंकर बालक को अपने ऐरावत हाथी पर सवार करके भगवान के जन्माभिषेक के लिए विशाल जुलूस के साथ पांडुक शिला की ओर चल देता है। विशाल जुलूस विद्या शांति नगर से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में भ्रमण करता हुआ रेस्ट हाउस रोड पर निर्मित पांडुक शिला स्थल पर पहुंचा जहां तीर्थंकर बालक का इंद्रों 1008 कलशों से जलाभिषेक संपन्न किया गया।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अशोक कुमार जैन ने बताया कि भव्य जुलूस में ललितपुर से श्री विद्यासागर वीर व्यायाम शाला के युवा अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए चल रही थे, शोभायात्रा में मुंगावली, जतारा, उदयपुर के दिव्य घोष सहित हाथी, घोड़े, गाजे बाजे, डीजे, इन्द्र इंद्राणिया सहित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के सभी प्रमुख महापात्र शामिल रहे। जुलूस के वापस पंचकल्याणक स्थल पर पहुंचते ही मंच पर सौरभ जैन एंड टीम दिल्ली द्वारा एक लघु नाटिका लव मैरिज के दुष्परिणाम अपने मंचन के माध्यम से पेश किया गया।

शोभायात्रा में जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र जैन टानगा, पंचकल्याणक समिति अध्यक्ष विजय सगरवारा, पवन मोदी, प्रकाश रोशन, प्रदीप रानीपुर, मुकेश जैन बड़े, हिरदेश कोठादार, राजीव मोदी, मिक्की व्या, मोनू माते, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जैन धर्म में वह शक्ति सामर्थ है कि वह पाप कर्मों को पुण्य संपदा में बदल सकती हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**बांसवाड़ा (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री वर्धमान सागर जी 30 साधुओं और मुनि श्री पुण्य सागर जी 19 साधुओं सहित बांसवाड़ा की खांदू कालोनी में विराजित हैं। सन 1950 में जन्मे, सन 1969 में दीक्षित, सन 1990 सेआचार्य पद पर पदस्थ पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान जी का 35 वा आचार्य पदारोहण भक्तिपूर्वक चरण वंदना, जिनवाणी भेट, पूजन गुणानुवाद सभा सहित मनाया आर्यिका श्री महायशमति माताजी ने गुणानुवाद सभा का संचालन कर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी में पूर्वाचार्यों के सभी गुण होना बताया।

जो संयम धारण करते हैं वह आत्मा को पूज्यता पर ले जाने का पुरुषार्थ करते हैं बांसवाड़ा का पुण्य है कि यहां आचार्य शांति सागर जी महाराज की परंपरा के सभी आचार्यों का आगमन हुआ है। जैन धर्म में वह शक्ति है कि आप पाप क्रियायो को पुण्य संपदा में परिवर्तित कर सकते हैं। पाप में लिप्त जीवन में जैन धर्म वह साधन है जिससे पाप पुण्य में बदलता है। यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने धर्म सभा में प्रगट की आपने आगे बताया कि प्रथमाचार्य शांतिसागर जी का जैन धर्म पर बहुत उपकार है।वर्तमान साधु परंपरा उन्ही की की देन है।आचार्य श्री ने बताया कि यद्यपि आचार्य पद आषाढ़ शुक्ल दूज को आता है पर श्रावको को अंग्रेजी मास से मनाने की आदत हो गई है। आचार्य श्री ने



आचार्य शिवसागर जी, आचार्य धर्म सागर जी, आचार्य अजित सागर जी महाराज के अनेक संस्मरण भाव विभोर होकर सुनाएं।आचार्य श्री धर्मसागर जी की समाधि के बाद संघ के साधु अजमेर में थे तब पंडित हँसमुख जी शास्त्री आचार्य अजीतसागर जी का एक पत्र लेकर आए जिसका आशय यह था की मिलाने वाला तो दुर्लभ है, किंतु में प्रतीक्षा कर रहा हूं। आचार्य संघ के सभी साधु पत्र पढ़कर भाव विह्वल हो गए और संघ ने त्वरित गति से भिंडर की ओर बिहार किया। आचार्य श्री ने गुरु शिष्य के रिश्ते बाबद संस्मरण बताया कि शिष्य के ऊपर गुरु की कितना वात्सल्य होता है जब हमने आचार्य श्रीअजीतसागर जी के जब चरणों को स्पर्श किया तब हमारे नेत्रों की अश्रुधारा उनके चरण का प्रक्षालन अभिषेक कर रही थी, वही हमारे गुरु आचार्य श्रीअजीतसागर जी के नेत्रों से प्रेमाश्रु की धारा हमारे मस्तक को भिगो रही थी।आचार्य श्री ने हमे आचार्य पद देने का निर्णय साबला में किया था ब्रह्मचारी गज्जू भैया, समाज सेठ अमृत लाल अनुसार इसके पूर्व मुनि श्री पुण्य सागर जी ने गुणानुवाद मे बताया कि सनावद में जन्मे बालक श्री यशवंत जी ने धार्मिक शिक्षा आर्यिका श्री सुपार्श्व मति एवम आर्यिका श्री ज्ञानमति जी ने दी आचार्य कल्प श्री श्रुत सागर जी ने संघ में अध्ययन कराया। आपने आचार्य वर्धमान सागर जी के वात्सल्य, सरलता, श्रुतज्ञान संयम साधना, समन्वयता गुण दृढ़ता, गुरुभक्ति, समर्पण भाव का गुणानुवाद किया। वर्ष 1993, 2006 वर्ष 2018 में श्री बाहुबली भगवान के महामस्तकाभिषेक में सभी साधुओं के साथ समन्वय गुण की प्रशंसा की। आपने बताया हमारे दीक्षा गुरु जी 3 वर्ष में समाधि होने पर 13 वर्षो तक पुत्रवत स्नेह, संबल दिया। श्री पुण्य सागर जी ने आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के हृदय में हिमालय विशालता, सिंह समान पराक्रम, है आपके पैर में चक्र का निशान हैं जो धर्म प्रभावना का द्योतक हैं।आपने आचार्य पद का 50 वर्ष का पदारोहण मनाने की शुभ मंगल भावना प्रगट की। आर्यिका श्री सौरभ मति माताजी ने नेत्र ज्योति जाने और अनेक संस्मरण अश्रु पूर्ण नेत्रों से भाव विहल होकर बताए। दीक्षा के पूर्व के संस्मरण बताए।आज प्रातकाल गुरु वंदना में सभी 48 साधुओं ने 36 मुलगुण आचार्य श्री वर्धमानसागर जी महाराज की चरण वंदना प्रक्षालन परिक्रमा लगाकर भक्ति प्रदर्शित की।

राजेश पंचोलिया एवं अक्षय डांगरा अनुसार इसके पूर्व प्रात: शांतिधारा के पश्चात आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का 35 वा आचार्य पदारोहण पूर्ण श्रद्धा और भक्ति पूर्वक मनाया गया आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन का सौभाग्य पुण्य शाली परिवार को प्राप्त हुआ।आचार्य श्री को शास्त्र 35 पुण्यार्जक परिवारों द्वारा भेंट किए गए जिसमें इंदौर के राजेश पंचोलिया, सनावद के वारिस जैन, धरियावद से पधारे महावीर चंपावत सहित अनेक श्रावकों ने आचार्य श्री को जिनवाणी भेंटकर अपनी भक्ति प्रदर्शित की।आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का पूजन सौधर्म इंद्र बनकर करने का सौभाग्य नरेंद्र रारा परिवार गुवाहाटी को प्राप्त हुआ।विभिन्न नगरों और स्थानीय समाज द्वारा आचार्य श्री की पूजन में विभिन्न द्रव्य चढ़ाए गए। पूजन मुनि श्री पुण्य सागर जी एवम आर्यिका श्री महायश मति जी ने कराई। **-राजेश पंचोलिया**

## व्यक्ति को जो कुछ भी मिला है वह सब अपने लिए उपयोग करना चाहिए : मुनि श्री सुधासागर जी महाराज

**थूवोनजी कमेटी ने जिले की समाज के साथ किए चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट**

### जिले भर की जैन समाज के प्रतिनिधि पहुंचे परसोरिया सागर



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** व्यक्ति को जो कुछ भी मिला है वह सब अपने लिए उपयोग करना चाहिए जैनदर्शन का सूत्र है-सबसे पहले सोचो आत्महित किसमे है परहित भी वही करो जिसमे आत्महित हो। दूसरे का हित करते हुए अपना अहित करना ये गलत बात है। तुम संकटो में जी लेना लेकिन किसी का एहसान मत लेना।

हमारा यहाँ दान कितना देना है, इसका मूल्य नही है, यहाँ हमारे गजमोती भी कम है और मक्के के दाने भी अनमोल है। तुम्हारी शक्ति क्या हैç? जो शक्ति को छिपाता है वह साँप के काटे के समान जीता है और जो शक्ति से ज्यादा करता है, वह बिच्छू के काटे के समान तड़फता है। साँप का कांटा सोए और बिच्छू का कांटा रोये। पड़ोसी कितनी रोटी खा रहा है हमें ये नही देखना, हमें हमारी जठराग्नि को देखकर भोजन करना है उक्त आश्य केउद्गार मुनिपुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने सागर के निकट परसोरिया में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी में चातुर्मास की भावना लेकर अशोक नगर जिले की जैन समाज ने थूवोनजी कमेटी के संयोजक में मुनिपुगंव श्रीसुधासागरजी जी महाराज ससंघ को श्री फल भेंट कर चातुर्मास का निवेदन किया निवेदन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज अशोक नगर शाढ़ौरा जैन समाज मुंगावली चन्देरी ईसागढ़ बहदपुर बग्लाचौराह समाज के प्रतिनिधियों ने थूवोनजी कमेटी के साथ श्री फल भेंट कर रहे हैं पूरे जिले से जैन समाज ये निवेदन लेकर आये है कि थूवोनजी में चातुर्मास हो इस भावना से श्री फल भेंट करने वाले में थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष गिरीश अथाईखेडा महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई शिरोमणि संरक्षण सजीव श्रंगार शालू भारत शैलेन्द्र दददा अशोक नगर समाज के महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजयधुर्रा रविकांत कासंल मुन्नावाझल मुनेश विजयपुरा सुनील घेलू शाढ़ौरा से निर्मल जैन प्रमोद जैन मनोज चोवे मुंगावली से संजयसिंघई त्रिलोक चंद जैन अनिल रोकड़िया चन्देरी सौरवजैन बहदपुर बाबूलाल जैन मनोज सरंचना बग्लाचौराह भोनू जैन ईसागढ़ आदि ने निवेदन प्रस्तुत किया 7

सारी दुनिया जो कुछ भी कर रही है बाप बेटे पर एहसान लाद रहा है, देख मैंने तेरे ऊपर कितना एहसान किया, बेटा बाप पर एहसान कर रहा है कि देखो मैं आपकी कितनी सेवा कर रहा हूँ। 99.9त्न आप घरों में एक दूसरे पर एहसान कर रहे हो, चींटी को बचाकर एहसान कर रहे हो और तो और तुम भगवान पर भी एहसान कर रहे हो। महानुभाव मंदिर बने या न बने, कभी एहसान मानकर मन्दिर में दान नही देना। जिंदगी भर का पुण्य भस्म हो जाता है जब एहसान आता है धर्म मे दो कार्य मत करना- एक कभी एहसान मत थोपना कि मेरे कारण से मंदिर बन गया, मेरे कारण से अभिषेक हो गया, चौका लग गया। दूसरा- मैं ही अकेला क्यों करूँ, मंदिर तो सबका है, स्वप्न में भी ये भाव मत लाना दान देते समय, नमोस्तु करते समय, अभिषेक पूजा करते समय, क्या सोचना-भगवान मेरा है।

**दर्शन करते समय अनुभव आये ये मेरा देवता हैं :** न्होंने कहा कि भगवान के दर्शन से किंचित मात्र भी पुण्य नही है, दर्शन करते समय अनुभव में आये- ये मेरा देवता है, ये मेरा भगवान है। मैंने पूछा है- तुम्हारा भगवान कौन है, यदि तुम्हारे मन मे ये भाव आ गया कि मेरा भगवान 18 दोषों से रहित जिनेंद्र देव है, बस तुम्हारा कल्याण हो जाएगा हमारा यहाँ दान कितना देना है, इसका मूल्य नही है, यहाँ हमारे गजमोती भी कम है और मक्के के दाने भी अनमोल है। तुम्हारी शक्ति क्या हैç? जो शक्ति को छिपाता है वह साँप के काटे के समान जीता है और जो शक्ति से ज्यादा करता है, वह बिच्छू के काटे के समान तड़फसता है। साँप का कांटा सोए और बिच्छू का कांटा रोये। पड़ोसी कितनी रोटी खा रहा है हमें ये नही देखना है, हमारी जठराग्नि कितनी है हमें ये देखना है। **-विजय धुर्रा**

## रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा गड़फुलझर गुरुद्वारा नानकसर साहेब का दर्शन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रामगढ़िया सेवक सभा के द्वारा पहला गुरुद्वारा दर्शन प्रोग्राम का आयोजन (23.6.24) को गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहेब जी तेलीबांधा से 130 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गढ़फुलझर में 517 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकसर साहेब जी के दर्शन उपराला किया गया। इसमें लगभग 18 गाड़ियों से 100 संगत ने पहुंचकर अपना उत्साह दिखाया। नानक सागर की संगत ने बड़े जोर शोर से रायपुर की संगत का स्वागत किया।

रायपुर की संगत द्वारा जपजी साहेब जी, सुखमणि साहेब जी, चौपाई साहेब जी, अनंद साहेब जी का पाठ कर सिमरन और कीर्तन किया और अरदास की उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया। गुरुद्वारे से 2 km दूरी पर दर्शनीय स्थान जहां गुरुनानक देव जी ने अपना समय गुजरा था, और 5 एकड़ का खेत जो गुरुनानक देव जी के नाम पर दर्ज है उसका भी दर्शन किया गया। नानक सागर में सभी घर गुलाबी रंग के है एवं सभी घर महिलाओं के नाम पर है, सभी घर के सामने अशोक के पेड़ एवं गमलों में पौधे लगाए थे, गली, रास्ते एकदम साफ सुथरे है, इस ग्राम को सफाई के लिए पुरस्कृत भी किया गया है, वहां के सरपंच ने बताया यहां इतनी शांति है कि यहां पर आज तक कभी कोई विवाद नहीं हुआ। उपस्थित संगत ने अपना बहुमूल्य समय और साथ दिया है। **-जसविंदर सिंग राणा**

## डेंगू की रोकथाम एवं बचाव हेतु चलाया जा रहा है विशेष अभियान

**बीमारी के प्रकरणों पर नियंत्रण के लिए सघन सर्वे कर संदेहास्पद मरीजों की स्वास्थ्य जांच के दिए निर्देश**

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज पाए जाने पर विधायक जगदलपुर श्री किरण देव के द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने आपात बैठक बुलाकर स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों को ग्रामवार एवं वार्डवार डेंगू के रोकथाम हेतु सुबह शाम प्रचार-प्रसार, गृह, भ्रमण, माईकिंग, करवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही डेंगू बीमारी के प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को तत्काल सघन सर्वे कर संदेहास्पद मरीजों की स्वास्थ्य जांच के आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत 03 दिनों से सघन सर्वे अभियान तथा संदेहास्पद की जांच की जा रही है। घर घर सर्वे करते हुए डेंगू लार्वा पनपने वाले स्थान की सफाई कराया गया। मच्छरदानी का वितरण एवं जन जागरुकता हेतु दीवार लेखन पम्पलेट का वितरण किया गया है। नगर निगम की टीम के दारा साफ-सफाई लरविसाइड स्प्रे का छिड़काव व फॉगगिंग गतिविधि की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से जून माह से स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिन, महिला आरोग्य समिति के माध्यम से डेंगू पनपने वाले स्थानों की साफ-सफाई और लार्वा को नष्ट करने का कार्य बुखार के मरीजों व डेंगे के लक्षण वाले मरीजों का चिन्हांकन एवं रैपिड किट से जांच किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने नगर के 48 वार्ड के लिए 32 टीम बनाया गया है, जिसमें एएनएम, मितानिन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य द्वारा जून माह में 6500 घरों का अब तक सर्वे किया गया। जिसमें 49 घरों में लार्वा पाया गया, जिसे तत्काल नष्ट किया गया। इसी प्रकार कुल 12437 कन्टेनर का जांच किया गया 89 कन्टेनर में लार्वा पाए गए उसको नष्ट किया गया। वर्ष 2024 में संदेहास्पद 762 रक्त नमूना का एनाईजा परीक्षण किया गया जिसमें जगदलपुर के शहरी क्षेत्र में कुल 04 मरीज ही मिले है। वर्तमान में कोई भी ऐक्टिव मरीज नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में जनवरी से अब तक कुल 08 प्रकरण पाए गए है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 2041, वर्ष 2023 में 68 व वर्ष 2024 में अब तक 12 डेंगू के मरीज मिले है।

## कबीर साहेब संत ही नहीं बल्कि महान विचारक और समाज सुधारक भी थे : रोहित साहू



### कबीर प्राकट्य उत्सव मे शामिल हुए विधायक व अतिथिगण

**राजिम (विश्व परिवार)।** राजिम नगर स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में संत कबीर प्राकट्य दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जीतेन्द्र सोनकर, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रेखा कुलेश्वर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, पार्षद महेश यादव आदि शामिल हुए। सभी अतिथियों ने सतगुरु कबीर साहेब को नमन कर वहाँ उपस्थित संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने संत कबीर की वाणी हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं, कबीर दास जी ने मध्यकालीन भारत के सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया। इन्होंने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त से तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया। वे संत होने के साथ ही महान विचारक व समाज सुधारक भी थे। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने कहा कि संत कबीर जी ने मध्यकालीन भारत के तत्कालीन समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवाद, पाखण्ड का घोर विरोध किया। कबीर दास जी ने उस काल में भारतीय समाज में विभिन्न धर्मों और सामाजिक लोगों के बीच आपसी मेल-जोल और भाईचारे का प्रशस्त किया। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कबीर दास जी ने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय का संदेश दिया यह बात उनके दोहों से साफ झलकती है उन्होंने अपने दोहों के जरिए जीवन में कई सिख दी है। सदगुरु कबीर जी के दिव्य वाणी का प्रकाश आज भी हमें समस्याओं के अंधेरे से निकालकर समाधान के प्रकाश में ले जाता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष निधि से आश्रम में 2 लाख रूपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त भवन का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रहलाद गंधर्व, मेघनाथ साहू, तुलाराम साहू, कुलेश्वर साहू, नेहरू साहू सहित बड़ी संख्या में कबीरपंथी अनुयायी उपस्थित रहे।

## अष्ट धातु से बनी 350 किग्रा वजनी गणेश प्रसाद वर्णी जी की मूर्ति हँसेरा में हुई स्थापित

### वर्णी ज्ञान प्रभावना रथ का वर्णी जी की जन्मभूमि हँसेरा में ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत, गाजे-बाजे के साथ नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**ललितपुर (विश्व परिवार)।** बुंदेलखंड सहित देशभर में शिक्षा की अनोखी अलख जगाने वाले जनपद के ग्राम हँसेरा (मड़ावरा) में जन्मे गणेशप्रसाद जी वर्णी जी की 150 वी जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वर्णी जी की मूर्ति रथ पर विराजमान होकर मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरों, कस्बों में होते हुए वर्णी जी की जन्मभूमि ग्राम हँसेरा आगमन हुआ जिसका भव्य स्वागत करने ग्रामवासी उमड़ पड़े।

गणेश वर्णी प्रभावना रथ ग्राम के मुख्य मार्गों से गाजे-बाजे के साथ प्रभावना करते हुए नव निर्मित वर्णी स्मारक पहुँचा। रास्ते में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी व स्वागत किया, खासतौर पर गांव की महिलाओं ने जहाँ अपने दरवाजे पर आरती उतारी, नमन किया वहीं बालिकाओं ने अपने मस्तिष्क पर मंगल कलश रखकर अपने ग्राम की महान विभूति को नमन किया। बड़ी संख्या में वर्णी विकास संस्थान समिति एवं ग्रामवासी रथ के साथ चलते हुए वर्णी जी के जयकारे लगाते हुए नृत्य करते हुए चल रहे थे।नव निर्मित वर्णी स्मारक पहुँचने पर गुणानुवाद सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण वर्णी विकास संस्थान समिति के अध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र जैन सागर ने किया। संचालन वर्णी विकास संस्थान समिति के मुख्य संयोजक सोनू चंद्रेश शास्त्री जैसीनगर ने किया तथा आभार प्रदर्शन रथ के मुख्य संयोजक मनीष विद्यार्थी शाहगढ़ व संजय शास्त्री ने किया।

वर्णी जी की मूर्ति को नव निर्मित स्मारक में विधि विधान के साथ स्थापित किया



गया। विधि विधान पंडित देवेन्द्र जैन सौरई ने सम्पन्न कराया। सभी को मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सत्यपाल सिंह, श्रीमती रानीसिंह, सोनसिंह, सुमेर सिंह, अशोक पटेरिया, देवेंद्र कुमार पटेरिया, गब्बर सिंह आदि का वर्णी विकास संस्थान समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

इस मौके पर डॉ हरिश्चंद्र जैन सागर अध्यक्ष वर्णी विकास संस्थान, मुख्य संयोजक सोनू चंद्रेश शास्त्री जैसीनगर, डॉ. शिखरचंद सिलोनिया, डॉ राकेश जैन, डॉ. सुनील संचय ललितपुर, संजय शास्त्री ढाना, डी के सराफ मड़ावरा, जीवंधर शास्त्री, विनोद सौरई, विजय शास्त्री सागर, हरिशंकर नायक, त्रिलोक जैन मडावरा, अरविंद शास्त्री, डॉ पी सी जैन सागर, कडोरी लाल बण्डा, दीपचंद शास्त्री भोपाल, अभिनंदन चौधरी, प्रकाश मऊना, विमल शास्त्री सागर, प्रकाश शास्त्री सगौनी, कमलेश जेरा, अभिषेक सौरया, पंडित देवेंद्र जैन सौरई, राजुकमार शास्त्री भगवा, अंकित शास्त्री सागर, सचिन चिन्मय टीकमगढ़ आदि वर्णी विकास संस्थान समिति एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**आईएएस एवं न्यायमूर्ति ने किया है मूर्ति का पुण्यार्जन :** रथ में विराजमान अष्ट धातु की गणेश प्रसाद जी वर्णी की मूर्ति 350 किलो की वजनी और 4 फुट की है जो उनकी जन्म स्थली हँसेरा (मड़ावरा) में स्थापित की गई है इसका पुण्यार्जन सुरेश जैन आईएएस, न्यायमूर्ति विमला जैन (सेवानिवृत्त मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जज), भोपाल परिवार ने किया है। रथ के संचालन में श्रेष्ठी कपिल मलैया परिवार सागर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**वर्णी जी हुए जीवंत :** इस मौके पर वक्ताओं ने कहा की हँसेरा (मड़ावरा) के लाल गणेश प्रसाद जी वर्णी ने ऐसे समय में शिक्षा की अनोखी अलख जगाई जब शिक्षा के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं थे। वर्णी जी की प्रेरणा से बुंदेलखंड सहित पूरे देश में अनेकों पाठशालाएं, विद्यालय, महाविद्यालय खुले, हँसेरा में स्मारक बनाकर उनकी मूर्ति स्थापित होने से आज वर्णी जी पुन: जीवंत हो गए हैं। उनका न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि आजादी की लड़ाई में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी चादर जबलपुर में नीलम हुई थी और उससे प्राप्त राशि आजाद हिंद फौज को दे दी गयी थी। 1942 के असहयोग आंदोलन में तो वर्णी जी की प्रेरणा स्थापित स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसी आंदोलन का गढ़ बन गया था। बिनोबा भावे तो वर्णी जी को अपना बड़ा भाई मानते थे। पूज्य वर्णी जी जैन प्राच्य विद्याओं, विद्यालयों के महान उद्धार कर्ता थे। इन्होंने शिक्षा जगत में महान क्रांति की। इन्होंने बुंदेलखंड की अवनत दशा को बड़ी गहराई से देखा -परखा और समझा था। ललितपुर जनपद में जहाँ साढूमल में वर्णी जी ने सौ वर्ष पूर्व विद्यालय खुलवाया वहीं ललितपुर में वर्णी इंटर कॉलेज, वर्णी चौराहा, वर्णी कान्वेंट आदि वर्णी जी के नाम पर हैं।

**इतिहास बन गया :** वर्णी संस्थान विकास समिति के मुख्य संयोजक सोनू चंद्रेश शास्त्री ने कहा कि हम सभी का स्वप्न साकार हो गया आखिरकार पूज्य वर्णी जी हँसेरा स्मारक में आ गए। हँसेरा ग्राम में सभी का हृदय गदगद हो गया, हम सभी श्रद्धा से द्रवित थे जब हँसेरा ग्राम की जैनेतर महिलाएं जगह- जगह मंगल कलश लिये वर्णी जी का स्वागत कर रही थीं। अध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र जैन एवं कार्याध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि परम पूज्य वर्णी जी के कार्यों के साथ-साथ उनके जन्म स्थान हंसेरा में स्मारक बनाकर मूर्ति विराजमान कर उनकी स्मृतियों को जीवन्त कर दिया है। **-डॉ सुनील जैन संचय**

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों ने सुकमा में किया आईईडी ब्लास्ट दो जवान शहीद

**सुकमा(विश्व परिवार)।** नक्सल प्रभावित सुकमा जिला से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां नक्सलियों ने जवानों को लेकर जा रहे ट्रक को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया है। ब्लास्ट की इस घटना में 2 जवान शहीद हो गये, वहीं कई जवानों के घायल होने की खबर है। घटना की जानकारी के बाद से मौके पर फोर्स तैनात है, क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही है। वहीं घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने की घटना की पुष्टि की है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जगरगुण्डा क्षेत्र के अंतर्गत सिलगेर कैम्प से 201 कोबरा वाहिनी की एडवांस पार्टी आरओपी (रोड ओपनिंग ड्यूटी) के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुड़ेम जा रहे थे। कैम्प सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से आईईडी प्लांट किया गया था। चव्हाण ने बताया कि सुरक्षा बलों के मूवमेंट के दौरान आज (23 जून) दोपहर करीब तीन बजे आईईडी की चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आ गया। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर कैंप जा रहे थे। टेकलगुडम और इससे आगे का पूवर्ती इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा का गढ़ है। कुछ ही महीने पहले यहां सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है। बता दें कि आज ही हथियार भी जब्त किए गए हैं 7 इसके अलावा आज ही सुकमा के जंगल में पुलिस, सीआरपीएफ और डीआरजी की टीम ने नकली नोट और प्रिंटर मशीन बरामद की है।

### दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा खुला ट्रांसफार्मर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में भी मानसून की शुरुआत हो चुकी है। सब अपने-अपने तरीके से जतन करने में लगे हुए हैं। ताकि बरसात में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना हो। लेकिन लगता हैं की बिजली विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। ट्रांसफार्मर में लगाए गए डिब्बे खुले हैं। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग ने इनमें दरवाजे भी लगाए हैं। लेकिन यह दरवाजे कभी बंद नहीं रहते और बहुत से डिब्बो से भी दरवाजे गायब हैं। इसी कड़ी में पं. रविशंकर शुक्ल नगर के पूरे वार्ड में कई जगहों पर बिजली के खंभों के नीचे पैनल बॉक्स खुले पड़े हैं। इसकी वजह से हादसा होने की आशंका बनी रहती है। बिजली विभाग के अधिकारी खुले पैनल से बेखबर हैं। अगर समय रहते समस्या का हल न हुआ तो कोई और बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान ने बताया कि पूरे वार्ड में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है, हल्की सी हवा चलने पर घंटो बिजली बंद हो जाती है। वार्ड में स्थित बिजली खंभे, तार और जगह-जगह लगे ट्रांसफार्मर एवं फ्यूज बॉक्स बरसों पुराने हैं, जिन्हें बदलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के लिए जल्दी विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा, ताकि वार्ड में हो रही समस्याओं से राहत मिल सके।

### नगर निगम की सफाई व्यवस्था लचर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा शहर के वार्डो में नगर पालिक निगम की सफाई व्यवस्था लचर बनी हुई हैं। यहां के मोती सागर पारा वार्ड क्रमांक 7 में मुख्यमार्ग पर कचरा खुले में पड़ा हुआ है। कचरे को उठाने के लिए अथवा साफ-सफाई हेतु ना तो नगर निगम का सफाई अमला ध्यान दे रहा है और न ही स्वच्छता दीदियां डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए पहुंच रही है। खुले में कचरा के पड़े रहने से आने जाने वालो को परेशानियां उठानी पड़ रही है। वहीं इससे उठने वाले सड़ांध से सक्रमंण का खतरा बढ़ गया है। वार्ड के निवासियों एवं अधिवक्ता धनेश सिंह ने इसकी शिकायत निगम आयुक्त से करते हुए तत्काल समस्या से निजात दिलाने मांग की है। निगम आयुक्त को भेजे शिकायत में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 7 मोती सागर पारा स्थित मार्ग पर कचरा काफी दिनों से पड़ा हुआ है। इसे उठाने तथा साफ सफाई करने के लिए न तो नगर निगम का सफाई अमला ध्यान दे रहा है। और न ही स्वच्छता दीदियां व ठेकेदार इसे लेकर गंभीर है। खुले में पड़े कचरे को अवारा पशु इधर-उधर बिखेर दे रहे है। जिससे आने जाने वाले को बेहद परेशानिशयों का सामना करना पड़ रहा है। कचरे से सड़ांध भी उठ रहे हूे। जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही स्वच्छता अभियान चला कर कचरो को साफ नही किया गया तो वें अपनी मांगो को लेकर आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदारी निगम प्रशासन की होगी। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 26 में भी साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है। यहां के नालियों की सफाई नहीं हो रही है। जिसके कारण नाली जाम हो गई है। जिसके कारण नाली का गंदा पानी लोगो के घरो में घूस रहा है। वहीं सडक पर भी गंदा पानी बह रहा है।

## राज्य सरकार का प्रयास गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है: मंत्री केदार

### 32 करोड़ 49 लाख 48 हजार के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन



**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** प्रदेश के वन व जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर एवं ओरछा विकासखण्ड हेतु विभिन्न निर्माण एवं विकासमूलक कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के अतंर्गत लाभांवित हितग्राहियों को चेक, सामाग्री व अनुकम्पा नियुक्ति आदेश एवं अन्य प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कश्यप ने कहा कि विगत छः माह में राज्य सरकार ने किसानों एवं आम लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर लाभांवित किया जा रहा है। वर्तमान सरकार ने सत्ता संभलते ही किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी करने का निर्णय लेकर खरीदी की। उन्होंने कहा कि लोगों को पीने का शुद्ध पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया है और साथ ही प्रति मानक बोरा पर 1500 रुपए बढ़कर 5500 रुपए में तेंदू पत्ता का खरीदी किया है और जिसका भुगतान ग्रामीणों को नगद किया जा रहा। मंत्री कश्यप ने कहा कि राज्य शासन का प्रयास है कि विकास और विश्वास को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ आम आदमी की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। शासन द्वारा किये गये प्रयासों के फलस्वरूप बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल, आश्रम छात्रावास खोले जा रहे है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत तहत् बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नए सुरक्षा कैंप खोलकर, कैंप के आसपास के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के साथ अधोसंरचना का भी विकास किया जा रहा है। वहीं बिजली पानी के सुविधा के साथ साथ खाद्यान, सड़क, पुल पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी वर्गों के विकास और कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

### नशे में धुत पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला रामानुजनगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, रामानुजनगर थाना अंतर्गत पंचवटी गांव निवासी विजय सिंह (40 वर्ष) बीते दिन ग्राम मदनपुर में घर का छप्पर मरम्मत करने गया था. इसी दौरान दोस्तों से विवाद हो गया तो शराब पीने के बाद घर पहुंचा. पति को नशे की हालत में देख पत्नी बिंदु (30 वर्ष) विवाद करने लगी और पति को फटकार लगाने लगी. पत्नी की बात सुन पति नाराज हो गया और पत्नी पर जानलेवा हमला करते हुए बेदम पिटाई कर दी. जिससे पत्नी की मौत हो गई. घटना के बाद मौके से आरोपी पति फरार हो गया.मामले की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई. वहीं घटना के बाद फरार आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जहां आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल किया है. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है.

## स्वास्थ्य संभाषण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य संभाषण' कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के साथ संवाद एवं कार्ययोजना निर्माण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। ट्रांसफार्म रूरल इंडिया (टी.आर.आई.) के सहयोग से आयोजित उक्त कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने हेतु सभी विभाग जैसे स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही एनीमिया, हाई रिस्क प्रेगनेंसी, वीएसएनडी जैसे मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर क्षीरसागर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में संसाधन की कोई दिक्कत नहीं है, जो भी कार्य जनहित में होगा, उसे सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ मिलकर काम करेंगे। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर भी गांव एवं समाज की सहभागिता भी आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि लोगों के खानपान, रहन-सहन और सामाजिक सरोकार में एकाएक परिवर्तन नहीं आता। इसके लिए समयबद्धता और क्रमबद्धता के साथ दीर्घकालिक कार्य करने होंगे। जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने कहा कि गांव के स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस कार्य में स्वसहायता समूह, सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जा सकता है। टी.आर.आई. का प्रतिनिधित्व करते हुए स्टेट लीड नीरजा कुद्रीमोती और डॉ पार्थ ने टी.आर.आई. के दृष्टिकोण को पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से बेहतर परिणाम के लिए उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों से चर्चा कर उनसे सुझाव भी मांगे गए। पीपीआई फेलो आकांक्षा और ब्लॉक टीम मेम्बर तुलेश्वरी साहू ने अब तक ज़िले में किए हुए कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कृषि संस्थान का किया भ्रमण

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया बेमेतरा के बी.एस.सी. कृषि (आनर्स) के तृतीय वर्ष के 19 छात्र-छात्राओं ने 11 दिवसीय दिनांक 09 जून से 20 जून 2024 तक देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय कृषि संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण पूरा किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल और विज्ञान को विकसित करने एवं फील्ड टूर से सीखने एवं उन्नत तकनीकियों की जानकारी आदि प्राप्त करने के लिये भ्रमण कराया गया। अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर के मार्गदर्शन में इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, कृषि अभियांत्रिकी के सहायक प्राध्यापक, श्रीमती प्रतिभा सिंह, सहायक लाइब्रेरियन तथा पति राम साहू लेब टेकनीशियन ने किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थाओं का भ्रमण करने का अवसर मिला। इसमें म.प्र. राज्य के जवाहर लाल कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर कैम्पस, म.प्र. के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर, दिल्ली में आई.ए.आर.ई. हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल, भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल, हिमाचल प्रदेश में डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नोनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश में केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान कुफरी, शिमला, उत्तराखंड में भारतीय मृदा और जल संरक्षण संस्थान देहरादून, उत्तराखंड में वन अनुसंधान संस्थान देहरादून आदि शामिल है। प्रसिद्ध संस्थानों के दौरे के अलावा इस भ्रमण में सांस्कृतिक महत्व एवं पर्यटक स्थलं का भी दौरा शामिल था जैसे जबलपुर में भेडाघाट जलप्रताप, दिल्ली में इंडिया गेट, हिमाचल प्रदेश में कुफरी, रिषिकेश, हरिद्वार में पंतजलि योगपीठ आदि शामिल है।

## पेट दर्द से बेहाल युवक की अस्पताल में मौत

**कोरिया(विश्व परिवार)।** जिले में अस्पताल में पेट दर्द की समस्या को लेकर भर्ती हुए 23 साल के युवक की मौत हो गई. मृतक के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती युवक इतना भी गंभीर नहीं था कि उसकी मौत हो जाए. वह अपने साथी, भाईयों से बातचीत कर रहा था. डॉक्टरी परामर्श पर उसे दवा देने के साथ स्लाइन चढ़ाया जा रहा था. इस बीच युवक का पेट दर्द बढ़ गया और बेड पर तड़पते हुए उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में जिला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर और सीएमएचओ बता रहे हैं कि युवक के पेट में दर्द से संबंधित जांच की जानी थी. डॉक्टर ने सोनोग्राफी जांच के लिए कहा था. जांच सुबह होनी थी, लेकिन इससे पहले युवक ने दम तोड़ दिया. परिजनों का कहना है कि युवक को समय पर अस्पताल लेकर आने के बाद भी उसकी मौत हो गई. परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरते जाने पर कार्रवाई की मांग की है. युवक के भाई ने बताया कि पेट दर्द से पीड़ित होने व तबीयत बिगड़ने पर युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इस बीच मरीज को मृत घोषित कर दिया गया.जबकि वह इससे पहले अपने दोस्तों से बात कर रहा था.

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मनाया गग्या विश्व सिकल सेल दिवस

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन उप स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर जांगला में किया गया। वहां पर उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी भैरमगढ़ के द्वारा लोगो को जेनेटिक स्टेटस कार्ड का वितरण किया गया एवं उनके द्वारा बताया गया की सिकल सेल एक अनुवांशिक रोग है, इसमें गोला कार लाल रक्त कोशिकाएं हीमोग्लोबिन हँसिया की आकृति रूप में परिवर्तित होकर नुकीले एवं कड़े हो जाते है। इसके कारण शरीर की सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचने का काम बाधित होता है, ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी सिराओ में फंस कर लिवर, किडनी, तिल्ली, मस्तिष्क आदि अंगो के रक्त प्रवाह को बाधित करते हैं साथ ही इस बीमारी से सम्बंधित अन्य लक्षणों के बारे में बताया गया। पीरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरज सिंह के द्वारा वहां पर उपस्थित लोगो को बताया गया की 0-40 वर्ष उम्र के लोगो को इसकी जाँच करना जरुरी है। यह बीमारी बच्चों में उनके माता पिता के द्वारा भी हो सकती है क्योकि यह एक अनुवांशिकी बीमारी है। इस कार्यक्रम के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश तिग्गा, पीरामल फाउंडेशन जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरज सिंह, फील्ड सुपरवाइजर, ष्टाह्, क्राह्, स्न्न, मितानिन और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## जगदलपुर के महारानी जिला अस्पताल में आयुष्मान भारत प्रोत्साहन राशि घोटाला

### नोडल अधिकारी डॉ. शर्मा ने अपने चहेतों को बांट दिए लाखों रुपए




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** सरकारी डॉक्टर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना को भी अवैध कमाई का जरिया बना चुके हैं। ऐसा ही एक मामला महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में सामने आया है। महारानी अस्पताल में पदस्थ डॉ. भंवर लाल शर्मा पर आयुष्मान भारत योजना की प्रोत्साहन राशि में लाखों का घोटाला करने के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि डॉ. शर्मा ने प्रोत्साहन राशि अपने चहेतों के नाम दर्शाकर आहरित कर ली है और वास्तविक हकदार कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी ही नहीं है। मामले की शिकायत पीड़ितों ने बस्तर संभाग के आयुक्त और कलेक्टर से की है। शिकायत पत्र के मुताबिक महारानी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. भंवरलाल शर्मा ने प्रोत्साहन राशि का वितरण नियम विरुद्ध कर दिया है। उनके द्वारा अपने चहेतों को डाटा एंट्री कार्य दिया जा रहा है और जिन्हें प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए, उन्हें नहीं देकर कुछ ही लोगों के बीच अधिक राशि का वितरण किया जा रहा है। शिकायत के साथ प्रोत्साहन राशि वितरण की सूची भी बस्तर के दोनों उच्च अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई है सूची में बताया गया है कि डॉ. भंवर लाल शर्मा ने अपने नाम पर 56 लाख 50 हजार 884 रुपए, कॉउंसलर अनुश्री पाल के नाम पर 1 लाख 72 हजार 319 रुपए, डाटा एंट्री ऑपरेटर संजीव झा के नाम पर 1 लाख 69 हजार 606 रुपए, डाटा एंट्री ऑपरेटर संतोषी दोहरे के नाम पर 1 लाख 48 हजार 604 रुपए, फार्मासिस्ट अंकुश मेश्राम के नाम पर 2 लाख 67 हजार 954 रुपए, फार्मासिस्ट विपुल सागर जग्गी के नाम पर 2 लाख 72 हजार 189 रुपए, फार्मासिस्ट शुभम त्रिपाठी के नाम पर 2 लाख 80 हजार 600 रुपए, डाटा एंट्री ऑपरेटर चामसिंह बघेल के नाम पर 1 लाख 54 हजार 205 रुपए और लैब मैनेजर विनोद पाणिग्रही के नाम पर 1 लाख 99 हजार 975रुपए 54 पैसे का वितरण दर्शाकर पूरी राशि आहरित कर ली है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूण्यतिथि पर बांटे फल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो निशान को समाप्त करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष करने वाले जन नायक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पूण्यतिथि पर याद किया गया। दीपका नगर में भाजपाईयों ने स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर फल वितरण किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे, सूर्यप्रकाश शर्मा, अरूणिश तिवारी, राजू प्रजापति सहित अनेकों कार्यकर्ता थे। इसके बाद उद्यान में भाजपाईयों ने पौधरोपण किया। कटघोरा मंडल द्वारा सरकारी स्कूल में भी पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धन्नू दुबे, राजेन्द्र टंडन, अभिषेक गर्ग, उत्तम रंधावा, संदीप सिंह, जय गर्ग, किशन केशरवानी, विवेक मारकंडे, अनुराग दुहलानी मौजूद रहेंगे। तिवरता हरदीबाजार मंडल का भी कार्यक्रम किया गया है। यहां मंडल अध्यक्ष हरिश थरवानी ने संगोष्ठी के लिए कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है। कोरबा पूर्व विद्युत मंडल गेट के निकट भी एक कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन, डॉ. राजीव सिंह, वैशाली रत्नपारखी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, रमामिरी, सुमन सोनी, सरजू अजय, सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बांकीमोंगरा मंडल के गेवरा बस्ती में मुकुल कर्ष, लखन राठौर विकास नगर में मनीष मिश्रा, लक्ष्मीकांत जगत, बांकीमोंगरा में हनुमान पांडेय, भागवत विश्वकर्मा कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## व्यापार समाचार

### प्रवासी भारतीयों का देश की अर्थव्यवस्था पर बढ़ा भरोसा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दुनिया भर में रह रहे प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) ने अकेले अप्रैल महीने में देश में लगभग 1 बिलियन डॉलर जमा किए। मतलब साफ है कि तमाम वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद भी भारत की अर्थव्यवस्था में उन्होंने अपना भरोसा दिखाया है। साल 2023 में प्रवासी भारतीयों ने अप्रैल के महीने में 150 मिलियन डॉलर जमा किए थे, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इससे साफ पता चल रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास गति तेजी से बढ़ी है और यहीं वजह है कि लोगों का इसमें विश्वास भी बढ़ा है। भारत के विकास की गति जो 2003-19 के औसत 7 प्रतिशत के मुकाबले 2021-24 में 8 प्रतिशत या उससे भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम आंकड़ों को देखें तो एनआरआई जमा में वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को दर्शाती है। प्रवासी भारतीयों के लिए देश में तीन प्रमुख जमा योजनाएं हैं ङ्क फॉरेन करेंसी नॉन रेजिडेंट (बैंक) या एफसीएनआर (बी); नॉन रेजिडेंट एक्सटर्नल रूपी अकाउंट या एनआरई(आरए) और नॉन रेजिडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) डिपॉजिट स्कीम। अप्रैल के महीने में प्रवासी भारतीयों ने एनआरई (आरए) योजना में 583 मिलियन डॉलर जमा किए, इसके साथ ही एफसीएनआर (बी) योजना में 483 मिलियन डॉलर जमा किए। कोविड महामारी के दौरान एनआरआई जमा 131 बिलियन डॉलर से बढ़कर 142 बिलियन डॉलर हो गया। भारत की विदेशी मुद्रा निधि 655.8 बिलियन डॉलर के नए अभी तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस सब के बीच आरबीआई के ताजा आंकड़ों की मानें तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 बिलियन डॉलर बढ़कर 655.8 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### वॉट्सएप पर बुक करें फ्लाइट की टिकट, इंडिगो एयरलाइन्स ने लॉन्च की नई सर्विस

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंडिगो ने अपने यात्रियों के लिए एआई कनवर्सेशन बुकिंग असिस्टेंट 6इसकाई को वॉट्सएप पर लॉन्च किया है। इस सर्विस को रायफी ने डेवलप किया है। इंडिगो में ट्रैवल करने वाले यात्री अब टिकट बुक करने से लेकर, बोर्डिंग पास जनरेट करने और फ्लाइट का स्टेटस चेक करने का काम वॉट्सऐप के जरिए कर सकेंगे। गूगल पार्टनर ऋद्बड्डद्ब4 द्वारा डेवलप की गई इस सर्विस के साथ इंडिगो फ्लाइट में सफर करने वाले यात्रियों को उनकी यात्रा से जुड़े सवाल भी वॉट्सऐप पर पूछने की सुविधा मिल रही है। इस सर्विस के साथ फ्लाइट लेने वाले यात्री टेक्स्ट और वॉइस के जरिए अपने सवालों के जवाब पा सकते हैं। यात्री अपने सवाल इंग्लिश, हिंदी और तमिल में पूछ सकेंगे। फ्लाइट ऑपरेटर्स ने यह लेटेस्ट अपडेट अपने ग्राहकों के साथ भी शेयर किया है। कंपनी ने अपने ग्राहकों को ईमेल के जरिए वॉट्सऐप सर्विस को लेकर जानकारी दी है। इंडिगो की इस सर्विस का इस्तेमाल करने के लिए ग्राहकों को अपने फोन पर एक वॉट्सऐप नंबर +91 7065145858 सेव करना होगा। जैसे ही इस नंबर को सेव किया जाएगा, नंबर पर चैट शुरू की जा सकेगी। ग्राहक वॉट्सऐप चैट की शुरुआत ।द्ब मैसेज सेंड करने के साथ कर सकते हैं। जैसे ही ग्राहक की ओर से मैसेज सेंड किया जाएगा, कंपनी की इस सर्विस में भाषा चुनने को कहा जाएगा। भाषा चुन लेने के बाद के बाद ग्राहक अपने सवाल पूछ सकते हैं।

### जीओ यूजर्स को बड़ा झटका, कंपनी ने हटा दिया ये सस्ता प्लान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश की प्रसिद्ध टेलीकॉम कंपनी जियो ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। कंपनी ने अपने जियो सिनेमा के वार्षिक प्लान को बंद कर दिया है। अब जियो सिनेमा सब्सक्रिप्शन के लिए यूजर्स को मंथली प्लान को अपनाना होगा। दरअसल, जियो सिनेमा का 365 दिन यानी वार्षिक सदस्यता वाला प्लान बंद हो गया है। कंपनी ने हाल ही में अपने जीओ सीनेमा प्रीमियम के 1 साल की सदस्यता वाले प्लान को 1499 रुपये से घटाकर 599 रुपये का किया गया था। इस लेटेस्ट प्लान के साथ यूजर्स को छूट के साथ सिर्फ 299 रुपये में साल भर का सब्सक्रिप्शन मिल रहा था, लेकिन अब यूजर्स के लिए इस प्लान को बंद कर दिया गया है। जियो ने छ्वद्बशष्द्बठ्ठद्गद्वड्ड का 299 रुपये वाला वार्षिक प्लान चुपचाप बंद किया है। इसकी कोई भी ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन अगर आप जियो के रिचार्ज प्लेटफॉर्म पर जाएंगे तो आपको ये प्लान नहीं दिखेगा। इतना ही नहीं, स्नक्तसेक्शन से भी कंपनी ने इस प्लान को हटा दिया है।

### अफगानिस्तान टीम ने सुपर आठ में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

**किंग्सटाउन( एजेंसी )।** अफगानिस्तान से टी 20 विश्वकप में यहां बड़ा उलटफेर करते हुए सुपर8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हरा दिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जारदान की शतकीय ओपनिंग साझेदारी के दम पर 20 ओवर 148/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने के बाद अफगानिस्तान ने सधी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 127 रन पर समेट कर मैच अपने नाम कर लिया। गुलबदीन नायब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। नवीन-उल-हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल (59) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। मैक्सवेल ने 41 गेंदों की अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाये। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के बाद 149 रन के आसान से दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर ट्रेविस हेड के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। नवीन-उल-हक की गेंद उनका मिडिल स्टंप ले उड़ी। हक ने मैच के तीसरे ओवर में मिशेल मार्श (12) को धीमी गेंद पर मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 16 रन था। छठे ओवर की पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर मोहम्मद नबी का शिकार बने।





# हार्दिक और कुलदीप के कहर से बांग्लादेश ध्वस्त, भारत शान से सेमीफाइनल में

**नार्थ साउंड( एजेंसी )।** आलराउंडर हार्दिक पांड्या (नाबाद 50 और 32 रन पर एक विकेट ) के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ( 19 रन पर तीन विकेट ) की घातक गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप के अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में शनिवार को 50 रन से रौंद कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पांच विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को आठ विकेट पर 146 रन पर थाम लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गयी। भारत का सुपर आठ में आखिरी मुकाबला सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की टूर्नामेंट में यह पांचवीं जीत है। उसका कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था। भारत की बांग्लादेश के खिलाफ 14 टी20 मैचों में यह 13वीं जीत है जबकि उसने टी20 विश्व कप में सभी पांच मैच जीते हैं। इस मैच में सभी खिलाड़ियों से योगदान देखने को मिला। हालांकि हार्दिक और कुलदीप ने सबसे अधिक प्रभावित किया। बांग्लादेश के कप्तान ने टॉस के दौरान ही बोला था कि 150-160 इस विकेट पर अच्छा स्कोर होगा। लेकिन हार्दिक ने पहले तेज़ अर्धशतक लगाया और गेंदबाज़ी में कुलदीप ने बांग्लादेश को वापसी नहीं करने दी। जडेजा और अक्षर को छोड़कर भारत के सभी गेंदबाजों को विकेट मिला। भारत ने विशाल स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को मुकाबले में एक बार भी खुलकर खेलने नहीं दिया। पहले 10 ओवर तक बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद वे लगातार विकेट गंवाते रहे और रन रेट लगातार बढ़ता रहा। कुलदीप ने तंजीद हसन, मो. तौहीद हृदोय और शाकिब अल हसन के विकेट झटके । जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए जबकि हार्दिक के हिस्से में एक विकेट आया। इससे पहले भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरुआत की थी लेकिन बीच में तंज़ीम साकिब ने एक ही ओवर में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को आउट कर भारत की रफ्तार को धीमा ज़रूर किया लेकिन पहले ऋषभ पंत और फिर शिवम दुबे और हार्दिक ने भारत को एक बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया।

## पैट कमिंस ने रचा इतिहास, टी 20 वर्ल्ड कप में ली दूसरी हैट्रिक


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में हैट्रिक लेते तो आपने कई गेंदबाजों को देखा है. लेकिन, बैक टू बैक हैट्रिक लेने वाले पैट कमिंस इकलौते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले पहले मैच में हैट्रिक लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस ने अब अफगानिस्तान के खिलाफ भी अपनी हैट्रिक पूरी की है। ये पैट कमिंस के ञ्20 करियर की दूसरी हैट्रिक होने के साथ टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास की 8वीं हैट्रिक भी है। पैट कमिंस के हैट्रिक लेने का तरीका भी दोनों मैचों में एक सा रहा। बांग्लादेश



के खिलाफ भी उन्होंने दो ओवरों में अपनी हैट्रिक पूरी की थी और अफगानिस्तान के खिलाफ भी वैसा ही देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ भी उन्होंने हैट्रिक लेने का जो काम 18वें ओवर में शुरू और 20वें ओवर में पूरा किया था। ठीक वैसे ही अफगानिस्तान के खिलाफ भी किया। यहां भी उन्होंने 18वें ओवर में हैट्रिक का जो का शुरू किया, उसे 20वें ओवर में जाकर फीनिश किया। हालांकि, पैट कमिंस के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ वाली हैट्रिक और भी ज्यादा खास इसलिए है क्योंकि ये उनके 150वें ञ्20 मैच में आई है। अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक लेने की शुरुआत पैट कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद से की थी। उनका पहला शिकार राशिद खान बने। इसके बाद 20वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने करीम जनत को डेविड वॉर्नर के हाथों कैच कराकर अपना दूसरा विकेट लिया।

## कारोबार में बढ़त के लिए एआई समेत टेक्नोलॉजी में निवेश को वरीयता दे रहे भारतीय सीईओ !


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय सीईओ अपने कारोबार में वृद्धि और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समेत अन्य टेक्नोलॉजी में निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं। ईवाई सीईओ आउटलुक प्लस सर्वे में बताया गया कि अगले 12 महीनों में कारोबार में वृद्धि और उत्पादकता बढ़ाने के लिए करीब 70 प्रतिशत भारतीय सीईओ एआई समेत टेक्नोलॉजी में निवेश को अधिक महत्व दे रहे हैं। यह वैश्विक औसत 47 प्रतिशत से कहीं अधिक है। वहीं, 56 प्रतिशत सीईओ का मानना है कि डेटा मैनेजमेंट एवं साइबर सिक्योरिटी को मजबूत बनाया जाए। इसके अलावा 50 प्रतिशत सीईओ बिजनेस के सभी




पहलुओं पर लागत को अनुकूल बनाना चाहते हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि 44 प्रतिशत ने माना है कि नई टेक्नोलॉजी को लाना, नई प्रोडक्शन सुविधा और इनोवेटिव स्टार्टअप होना विलय और अधिग्रहण के पीछे की सबसे बड़ी वजह है। ईवाई इंडिया टेक्नोलॉजी में कंसल्टिंग लीडर महेश मखीजा ने कहा, टेक्नोलॉजी में निवेश केवल आज के लिए नहीं बल्कि भविष्य की नीति को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। यह सर्वे दिखाता है कि बड़ी संख्या में सीईओ अपनी संस्था में एआई केंद्रित ब्लूप्रिंट पर काम कर रहे हैं, जिससे इनोवेशन और उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि एक साल पहले की तुलना में अधिकांश सीईओ द्वारा स्थिरता के बढ़ते महत्व को स्वीकार करने के बावजूद 16 प्रतिशत ने इसे प्राथमिकता में नीचे कर दिया है। इसकी वजह वित्तीय बाधाओं और बोर्डरूम के फोकस में परिवर्तन होना है। स्थिरता के एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए, कॉर्पोरेट भारत एआई सहित टेक्नोलॉजी इंसेंटिव की वकालत करता है।

## 2030 तक 240 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है देश का इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट विनिर्माण

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सरकार की ओर से घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा दिए जाने के कारण देश के इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब-असेंबली का बाजार 2030 तक 240 अरब डॉलर के आंकड़े को छू सकता है। इससे 2026 तक करीब 2.8 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी और 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के लक्ष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रविवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्राथमिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब-असेंबली (पीसीबीए सहित) की मांग 2030 तक 30 प्रतिशत की औसत



वार्षिक दर से बढ़ते हुए 139 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट और सब-असेंबली की मांग 45.5 अरब डॉलर पर थी जिसने करीब 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण में मदद की। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैटरी (लिथियम आयन), कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल, डिस्प्ले और पीसीबी के लिए कंपोनेंट को सरकार ने उच्च प्राथमिकता में रखा है। वर्ष 2022 में देश की कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की मांग में 43 प्रतिशत का योगदान इन्हीं उत्पादों का था। वर्ष 2030 तक इस मांग के 51.6 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि पीसीबीए में भारत के लिए काफी संभावनाएं हैं क्योंकि इसकी मांग की ज्यादातर पूर्ति आयात से की जाती है। यह सेगमेंट 30 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। इसकी मांग 2030 में 87.46 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कुछ विशेष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के लिए वित्तीय सहायता देने की भी मांग की गई है। छह से आठ साल तक वित्तीय सहायता मिलने से इन उत्पादों की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए उत्पादकों के पास पर्याप्त समय होगा। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट में प्रमोशन ऑफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट एंड सेमीकंडक्टर 2.0 स्कीम शुरू करने की मांग की गई है।

## आर्मी इंफोटेक लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 250 करोड़ जुटाने के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

आर्मी इंफोटेक लिमिटेड (कंपनी या एआईएल) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 प्रत्येक) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए कुल निर्गम आकार के बराबर धनराशि जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 25,000 लाख [250 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है (कुल निर्गम आकार)। कंपनी सेक्टर एग्नस्टिक है और सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और निजी क्षेत्र दोनों के लिए विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान और आईटी प्रबंधित सेवा प्रदान करती है। इसमें सरकारी/पीएसयू परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और गुजरात राज्य में इसकी प्रमुख उपस्थिति है। कंपनी इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है-- (i) कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं में वृद्धि, जिसका अनुमान 16000 लाख [ 160 करोड़] तक है, वित्तीय वर्ष 2025 और वित्तीय वर्ष 2026 में विभिन्न परियोजनाओं के लिए बोली लगाने हेतु बयाना राशि जमा करना और बैंक गारंटी के लिए मार्जिन जमा करना; (ii) कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान, जिसका अनुमान 1,063.22 लाख [ 10.63 करोड़] तक है; और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। शुद्ध आय से चुकाने के लिए प्रस्तावित ऋण ( 1,063.22 लाख की राशि) 31 दिसंबर, 2023 तक कंपनी के कुल बकाया उधार का 26.30 प्रतिशत है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया लिमिटेड (एनएसई बीएसई के साथ, स्टॉक एक्सचेंज) स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## OPPO ने 17,999 रुपये में A3 Pro पेश किया, जो ड्यूरेबिलिटी और क्वालिटी के नए मानक स्थापित कर रहा है

**नईदिल्ली।** OPPO इंडिया ने OPPO A3 Pro के लॉन्च की घोषणा की है, जो प्रीमियम डिज़ाईन के साथ ऑल-राउंड एंड्योरेंस के लिए तैयार किया गया है। इस नए ए-सीरीज़ स्मार्टफोन में ड्रॉप एवं इंपैक्ट रज़िस्टैंस के लिए डैमेजप्रूफ ऑल-राउंड आर्मर बॉडी, पानी एवं धूल के रज़िस्टैंस के लिए आईपी54 सर्टिफिक्केशन, और गीले हाथों से उपयोग के लिए स्प्लैश टच टेक्नोलॉजी है। इसमें 120हट्र्ज़ अल्ट्रा ब्राईट डिस्प्ले, एआई लिंकबूस्ट, एआई इरेज़र, और 5100 एमएएच की शक्तिशाली आईपर एनर्जी बैटरी लगी है, जो 45 वॉट के सुपरवूक फ्लैश चार्ज और चार साल से ज्यादा लंबी उम्र के साथ आती है। अत्यधिक विश्वसनीयता और ड्यूरेबिलिटी OPPO A3 Pro की डैमेजप्रूफ ऑल-राउंड आर्मर बॉडी में मजबूत आंतरिक संरचना और अनेक ड्रॉप रज़िस्टैंट सामग्री, जैसे स्क्रीन कवर के लिए ब्लू ग्लास डबल टैंपर्ड ग्लास है, जो फोन को रोजमर्रा के धक्कों और टूट-टूट से सुरक्षा प्रदान करता है। फोन के आंतरिक पुर्जों को धक्कों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उनके चारों



ओर बायोमिमेटिक स्पंज का गद्दा बनाया गया है। A3 Pro को अपनी अत्यधिक मजबूती के लिए एसजीएस ड्रॉप-रज़िस्टैंस सर्टिफिक्केशन (स्टैंडर्ड) और एसजीएस मिलिटरी स्टैंडर्ड सर्टिफिक्केशन दिया गया है। गिरने से सुरक्षा प्रदान करने के लिए OPPO A3 Pro बॉक्स में नए डिज़ाईन के एंटी-ड्रॉप शील्ड केस के साथ आता है। OPPO लैब्स में किए गए परीक्षणों में यह डिवाईस टंबल ड्रम में 450 रोटेशन तक सुरक्षित पाई गई, जिससे बिना केस की तुलना में इसके 200 प्रतिशत ज्यादा सुरक्षित होने का प्रदर्शन होता है।

## स्प्राइट एग्रो लिमिटेड का रु. 44.87 करोड़ का राइट्स इश्यू 24 जून से खुलेगा

**अहमदाबाद -** कृषि, कॉन्टैक्ट फार्मिंग, ग्रीनहाउस टेक्नोलॉजी सहित अन्य व्यवसायों में लगी अहमदाबाद स्थित स्प्राइट एग्रो लिमिटेड (बीएसई - 531205) का रु. 44.87 करोड़ का राइट्स इश्यू 24 जून, 2024 को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुलेगा। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों सहित कंपनी की विस्तार योजनाएं के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट इश्यू 19 जून, 2024 को रु. 45.69 प्रति शेयर के बंद भाव की तुलना में रु. 13.4 प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया गया है। राइट्स इश्यू 12 जुलाई, 2024 को बंद हो जाएगा। कंपनी रु. 1 के अंकित मूल्य के 3,34,84,611 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर रु. 13.4 प्रति इक्विटी शेयर (रु. 12.4 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर नकद में जारी करेगी, जिसका कुल मूल्य रु. 44.87 करोड़ होगा। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:15 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि 7 जून, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 15 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयरों के लिए रु. 1 के अंकित मूल्य का 1 राइट्स इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 8 जुलाई, 2024 है। रु. 44.87 करोड़ की इश्यू से मिलने वाली आय में से, कंपनी रु. 34.15 करोड़ कार्यशील पूंजी आवश्यकता के लिए और रु. 10.32 करोड़ सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का इरादा रखती है। 1994 में स्थापित, स्प्राइट एग्रो लिमिटेड, जिसे पहले टाइन एग्रो लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, कृषि और वानिकी कार्यों का विकास करती है। कंपनी स्वामित्व और/या पट्टे पर लिए गए खेतों में विभिन्न कृषि और वानिकी फसलें, बागवानी फसलें, ग्रीनहाउस, नेट हाउस, औषधीय और सुगंधित पौधे लगाती है, उगाती है, खेती करती है, उत्पादन करती है और निर्माता, आयातक और निर्यातक, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और सभी प्रकार की कृषि एवं अन्य वस्तुओं के व्यापारी के रूप में काम करती है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

## सूरत एवं ब्रह्मपुर के मध्य चल रही साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा सूरत एवं ब्रह्मपुर (उड़ीसा) के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। यह गाड़ी 09059/09060 सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक स्पेशल की सुविधा 28 जून, 2024 तक चल रही है, जिसके परिचालन में विस्तार 02 अगस्त, 2024 तक किया गया है। 09059 सूरत-ब्रह्मपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 31 जुलाई, 2024 तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 09060 ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 02 अगस्त, 2024 तक विस्तार किया गया है।



# संक्षिप्त समाचार

## भारतीय न्याय संहिता-2023 संबंधी कार्यशाला का आयोजन 25 जून को रायपुर स्मार्ट सिटी लि. सभाकक्ष में

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 1 जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता-2023 के मूल तत्वों व पुराने दंड विधान में हुए बदलाव के संबंध में आम लोगों को जागरूक करने जिला प्रशासन, रायपुर के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 जून 2024 को शाम 6 बजे रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के सभाकक्ष, 6वीं मंजिल, सिटी कोतवाली परिसर, रायपुर में आयोजित है। कार्यशाला में हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रो. अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास न्याय संहित में हुए बदलाव के संबंध में विस्तार से चर्चा करेंगे। कार्यशाला में एन.जी.ओ. के पदाधिकारी व सदस्य आमंत्रित है।




लॉ एक्सपर्ट प्रो. अभिनव के. शुक्ला देंगे न्याय संहिता में हुए बदलाव की विस्तार से जानकारी

## दुर्ग एवं हटिया के मध्य द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग -हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। यह गाड़ी 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल की सुविधा 27 जून, 2024 तक चल रही है, जिसका परिचालन में विस्तार 27 दिसम्बर, 2024 तक किया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 02 जुलाई से 26 दिसम्बर, 2024 तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 07 जुलाई से 27 दिसम्बर, 2024 तक विस्तार किया गया है।

## पत्रकार गंगेश द्विवेदी को पितृ शोक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** वरिष्ठ पत्रकार गंगेश द्विवेदी के पिता डॉक्टर दयानंद द्विवेदी (87 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज डीकेएस अस्पताल में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास बलौदाबाजार में किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डे, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। दैनिक विश्व परिवार, दिवंगत भव्य आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा महतारी सदन : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

### 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन ● कमरा, बरामदा, हाल, किचन, स्टोररूम, पेयजल हेतु ट्यूबवेल और सामुदायिक शौचालय जैसी होंगी सुविधाएं

### महतारी सदन का ड्रॉइंग और डिजाइन फाइनल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार ने इस हेतु बजट में व्यवस्था भी कर दी है।




**5 वर्षो में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना :** प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी भी प्रारम्भ की जा चुकी है, विभाग ने महतारी सदन का ड्राइंग डिजाइन भी तय कर लिया है।

पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम की राजस्व वसूली की समीक्षा की

**सभी बड़े बकायेदारो को नोटिस देकर बकाया वसूली अभियान चलाने के निर्देश दिये**



### वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली करने लक्ष्य बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये

### राजस्व वसूली प्रभावी तरीके से करने अभी से मुनादी प्रचार : प्रसार करवाने निर्देषित किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम राजस्व विभाग के वसूली कार्य की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश नगर निगम के हित में अधिकारियों को दिये। आयुक्त ने अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे, राजस्व अधिकारी श्री विवेकानंद दुबे, आईटी विषेषज्ञ श्री रंजीत रंजन, सहायक राजस्व अधिकारियों, राजस्व निरीक्षको, सहायक राजस्व निरीक्षको की उपस्थिति में बैठक लेकर राजस्व वसूली की समीक्षा की।

आयुक्त ने निगम हित में तत्काल राजस्व वसूली को गतिमान करने निर्देषित किया। आयुक्त ने नगर निगम के सभी जोनो में समस्त बड़े बकायेदारो को नोटिस जारी कर उनसे बकाया वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने राजस्व वसूली अभियान हेतु मुनादी एवं प्रचार प्रसार कार्य सभी जोनो में प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये, ताकि राजस्व वसूली निगम हित में प्रभावी तरीके से की जा सके। आयुक्त ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नगर निगम रायपुर हेतु वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली करने का लक्ष्य निर्धारित कर निगम हित में अधिकाधिक राजस्व वसूली करने के कार्य में जुट जाने का आव्हान किया। प्रतिदिन प्रति सप्ताह प्रति माह राजस्व वसूली कार्य लक्ष्य निर्धारित कर किये जाने के निर्देष दिये गये। आयुक्त ने निर्देशित किया कि राजस्व वसूली कार्य की त्रैमासिक समीक्षा की जाये। आयुक्त ने नागरिको को सभी जोनो से वार्डो में जानकारी देने निर्देषित किया कि 30 जून तक वर्तमान वर्ष का सम्पूर्ण संपत्तिकर अदा करने वालो को संपत्तिकर में 6.25 प्रतिषत की छुट प्राप्त होगी। इसके बाद 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक वर्तमान वर्ष का सम्पूर्ण संपत्तिकर अदा करने वालो को संपत्तिकर में 5 प्रतिशत की छूट प्राप्त होगी। इसके पष्चात 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक संपत्तिकर की वर्तमान वर्ष में पूर्ण अदायगी करने वालो को संपत्तिकर में 4 प्रतिशत की छुट दी जायेगी। इस हेतु आयुक्त ने सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने जोन क्षेत्र के सभी वार्डो में व्यापक स्तर पर मुनादी एवं प्रचार प्रसार निगम हित में करवाने के निर्देश दिये।

# योग ओलंपियाड : महाराष्ट्र मंडल सभासद के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर स्थान तय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से 18 से 20 जून तक मैसूर, कर्नाटक में नेशनल योग ओलंपियाड 2024 का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में 23 राज्यों के 400 से अधिक छात्र और 100 शिक्षकों ने भाग लिया। नेशनल ओलंपियाड में छत्तीसगढ़ की टीम ने आल इंडिया लेबल में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है।



महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद मनीष पाध्ये के दोनों पुत्र समर्थ और तेजस छत्तीसगढ़ की टीम के हिस्सा रहे। समर्थ पाध्ये की टीम (जूनियर) ने जहां आल इंडिया लेवल पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं तेजस पाध्ये की टीम (सीनियर) को आल इंडिया लेवल पर पांचवा स्थान मिला। बताते चलें कि नेशनल योग ओलंपियाड का थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' था। यह एक समावेशी कार्यक्रम था और छात्रों का चयन पहले जिला स्तर फिर राज्य स्तर पर किया गया था।

समर्थ और तेजस ने बताया कि वे तीन सालों से योग अनुभुति और अकादमी में योग शिक्षक नुरेंद्र कुम्हार से योग सीख रहे हैं। इससे पूर्व भी उन्होंने कई जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लिया है। जनता कॉलोनी गुढ़ियारी में रहने वाले समर्थ और तेजस स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र हैं।

तेजस ने बताया कि प्रतियोगिता अलग-अलग आसनों पर की गई थी। हमें एक निश्चित समय दिया गया और सामने बैठे जज हमें आसन करने को कहते थे। निर्धारित समय में हमारी टीम ने ताड़ासन, त्रिकोणासन, बकासन और प्राणायम का प्रदर्शन किया। हमारी सीनियर टीम ने स्पर्धा में पांचवा स्थान प्राप्त किया। वहां मुझे ऑल इंडिया लेवल पर अपने प्रदर्शन के लिए 15वां स्थान दिया गया। वहीं समर्थ को आल इंडिया लेवल पर चौथा स्थान मिला।

महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद मनीष पाध्ये के पुत्रों को नेशनल योग ओलंपियाड में मिली इस उपल्बधि पर अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, सचेचक रविंद्र ठेंगड़ी, स्कूल प्रभारी परितोष डोनगांवकर सहित पूरी कार्यकारिणी ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन को 857 करोड़ रुपए का लाभांश सौंपा



**पुणे (विश्व परिवार)।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) देश के सार्वजनिक क्षेत्र का प्रमुख बैंक है। बैंक ने शुक्रवार को माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए रु.857.16 करोड़ का लाभांश प्रदान किया। श्री निधु सक्सेना, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने श्री विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार की उपस्थिति में लाभांश सौंपा। इस अवसर पर श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक और श्रीमती संतोष दुलार, प्रभारी एनबीसीए, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी उपस्थित थे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्तीय वर्ष 24 के लिए रु.1.40 प्रति इक्विटी शेयर (14 प्रतिशत) लाभांश की घोषणा की। यह लाभांश भुगतान वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के उल्लेखनीय वित्तीय कार्य-निष्पादन को दर्शाता है। बैंक का निवल लाभ पिछले वित्तीय वर्ष के रू.2602 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 55.84% बढ़कर रू.4055 करोड़ हो गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और मजबूत बुनियादी संकेतकों के साथ कुल व्यवसाय और जमाराशि संग्रहण के मामले में पीएसबी की सूची में शीर्ष स्थान पर रहा है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जमाराशि संग्रहण में 15.66% की वृद्धि और कुल व्यवसाय में 15.94% की वृद्धि दर्ज की। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय वित्तीय कार्य-निष्पादन करते हुए बैंकिंग क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता प्रदर्शित की है। बैंक ने निरंतर बाजार की बदलती परिस्थितियों के प्रति अनुकूलता और स्वीकार्यता दर्शायी है, जिससे यह सेवा प्रदान करने और ग्राहक संतुष्टि के मामले में अग्रणी रहा है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रदर्शन उसके कर्मचारियों के समर्पण और प्रयासों के साथ-साथ बैंक द्वारा लिए गए रणनीतिक निर्णयों और परिचालन नीतियों की प्रभावशीलता को भी दर्शाता है। इससे बैंक को डिजिटाइजेशन और 'ईज़ ऑफ बैंकिंग' पर गहनता से ध्यान देने के साथ लाभ और विकास की गति बनाए रखने में सहायता मिली है। वर्तमान में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 28 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों में 2500 से ज्यादा शाखाओं तथा 2206 एटीएम का व्यापक नेटवर्क है।

# छोटे कष्ट में मां को, बड़े कष्ट में पिता को एवं संसार के सारे कष्टो से बचने के लिए प्रभु को करते हैं याद : सौभाग्यमती माताजी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत गौरव विदुषी गणनी वागड़ केसरी आर्यिका रत्न 105 श्री सौभाग्यमती माताजी ,आर्यिका शिक्षामति माताजी ,आर्यिका संक्षेपमति माताजी,क्षुल्लिका समक्षमति माताजी,क्षुल्लिका साक्षातमति माताजी ससंध श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ में विराजित है मंदिर के नरेंद्र जैन (मैनेजिंग ट्रस्टी) ,यशवंत जैन (अध्यक्ष), सुजीत जैन (सचिव) ,दिलीप जैन (कोषाध्यक्ष) ने जानकारी दी, माताजी ने चतुर्थ दिवस में आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रवज्लन ,शास्त्र एवं श्रीफल भेट मंदिर ट्रस्ट एवं पधाधिकारी के द्वारा किया गया तत्पश्चात माता जी ने मांगलिक प्रवचन में (हमारे वितरागी भगवान कर्ता,धर्ता,हर्ता नहीं परन्तु बहुत बड़े दाता है वो हमें सब कुछ देते है इसलिए छोटा कष्ट हो तो माँ को याद किया जाता है बड़ा हो तो पिता को ओर संसार के सारे कष्ट को दुर करना हो तो भगवान को याद किया जाता है कम कीमत की वस्तु माँ से मांगी जाती है ज्यादा कीमत की वस्तु पिता ओर तीनो लोको की सम्पदा चाहिए हो तो भगवान को याद किया जाता है अर्थात भगवान हमें सब कुछ देंगे है) आज के आहार पुण्यार्जक श्रीमति लता देवी गुलशन जैन,श्रीमति लक्ष्मी मीठालाल जी जैन,श्रीमति रजनी चक्रेश जैन, ब्रह्मपुरी, श्रीमति मंदा अशोक जैन बने। संघ के दैनिक चर्या अनुसार प्रात: 8:30 प्रवचन, 9:30 आहार चर्या, रात्रि 7 बजे आरती, प्रश्नोतरी 7:30 आनंद यात्रा का आयोजन किया जाएगा आपसे निवेदन अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने उभरते भारतीय टेनिस सनसनी सुमित नागल को बनाया अपना ब्रांड एंडोर्सर

### भारतीय एथलीटों को उनकी क्षमता के सम्पूर्ण उपयोग में शीघ्र सहयोग प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य के तहत करार

### आज के युवा के लिए एक रोल मॉडल सुमित बैंक को अगली पीढ़ी से जुड़ने में करेंगे मदद



**मुंबई (विश्व परिवार)।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज उभरते हुए भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्री सुमित नागल को अपना ब्रांड एंडोर्सर बनाए जाने की घोषणा की। यह कदम बैंक की लंबे समय से चली आ रही उस नीति के अनुरूप है जिसमें बैंक उभरते हुए प्रतिभाशाली और महत्वाकांक्षी भारतीय खिलाड़ियों को सपोर्ट करता है ताकि वे विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें।

26 वर्षीय सुमित नागल को बैंक द्वारा रणनीतिक रूप से इस तरह से प्रस्तुत किया जाएगा कि बैंक युवा वर्ग और नई पीढ़ी के ग्राहकों को लक्षित कर सके और इस सेगमेंट के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए विभिन्न उत्पादों के लिए इस वर्ग को आकर्षित कर सके।

वर्तमान में सबसे उच्च रैंकिंग वाले भारतीय एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित ने 17 जून 2024 को विश्व में न71 की कॅरियर की श्रेष्ठ सिंगल्स रैंकिंग प्राप्त की है। इस दौरान उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल में भी जगह बना ली है। जनवरी 2024 में, सुमित ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में एक ग्रैंड स्लैम पुरुष सिंगल्स मैच में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले 35 वर्षों में पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

सुमित बैंक ऑफ़ बड़ौदा के उन प्रमुख एंडोर्सर्स की शानदार सूची में शामिल हो गए हैं जिसमें बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और क्रिकेट की युवा आइकन शेफाली वर्मा शामिल हैं।

इस साझेदारी पर बात करते हुए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद ने कहा, भारत की सबसे होनहार खेल प्रतिभाओं के साथ उनके कॅरियर की शुरूआत में साझेदारी करना और सपोर्ट करना बैंक ऑफ़ बड़ौदा की परंपरा रही है। सुमित नागल का बैंक ऑफ़ बड़ौदा परिवार में स्वागत करते हुए हमें अत्यंत खुशी हो रही है। टेनिस एक वैश्विक, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और चुनौतीपूर्ण खेल है और इस वजह से सुमित की यह यात्रा और उनकी आकांक्षाएं और भी अधिक प्रेरणादायक और असाधारण हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा और सुमित की यह साझेदारी न केवल भारत में इस खेल को बढ़ावा देने में मदद करेगी बल्कि इससे बैंक को युवा दर्शकों तक पहुंचने में भी सहायता मिलेगी।

श्री चांद ने आगे कहा, सुमित की प्रतिबद्धता, धैर्य, जुनून और प्रामाणिकता कुछ ऐसे गुण हैं जो उनके व्यक्तित्व की पहचान हैं और यही वे मूल्य हैं जो बैंक ऑफ बड़ौदा के संस्थानिक मूल्यों से मेल खाते हैं। वर्ष 2024 सुमित के लिए पहले ही एक कामयाबी भरा वर्ष रहा है और अब 80, 000 से अधिक बड़ौदियन्स उनके सपनों को साकार करने और देश को गर्वित करने की उनकी यात्रा में उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

सुमित नागल ने कहा, मैं बैंक ऑफ़ बड़ौदा से जुड़कर सम्मानित और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ और मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं बैंक का आभार व्यक्त करता हूँ। बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत का एक प्रमुख और विश्वसनीय वित्तीय सेवा संस्थान है जो लाखों लोगों के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को मजबूती प्रदान कर रहा है और मैं इस साझेदारी को लेकर बेहद उत्सुक हूँ।

# जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के बाद मरीजों ने किया डांस एवं फैशन वॉक

### जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कैसे मिनीमम कट तकनीक द्वारा की जाती है जटिल सर्जरी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अभी हॉल ही में रामकृष्ण केयर अस्पताल बिलासपुर में एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल द्वारा सर्जरी लाभ हुए मरीजों को बुलाया गया था जिसमें मरीजों ने न केवल अपना अनुभव साझा किया बल्कि फैशन वॉक व डांस करके बताया कि वह पूरी तरह से फिट है। कुछ मरीज तो 80 से 85 साल के भी थे जिन्होंने बताया कि कैसे वे ऑपरेशन से पहले लकडी लेकर चलते थ और आज वे बिना सहारे के अच्छी तरह से चल पा रहे है। कई मरीज ऐसे थे जो व्हील चेयर का सहारा लिया करते थे लेकिन वे भी अब ऑपरेशन के बाद सामान्य जीवन-यापन कर रहे है।




रामकृष्ण केयर अस्पताल के जाने-माने जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. अंकुर सिंघल द्वारा इन मरीजों का निजात मिनीमम कट तकनीक (MCT) द्वारा किया गया। जिसमें मरीज को तीन घंटें बाद चलाया जाता है बल्कि उन्हें सीढी पर चढाया जाता है जिससे उनकी रिकवरी तेजी से होती है। डॉ. सिंघल ने बताया कि मिनीमम कट तकनीक (MCT) यह है कि इसमें छोटे चीरे का ऑपरेशन होता है, चमड़ी पर टांका पर टांका नहीं लेते, मरीज को 3 घंटे बाद चलाते हैं, मरीज को दर्द कम होता है, उनकी फास्ट रिकवरी होती है, ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे मरीज बहुत जल्द ठीक हो जाता है और लगभग 1 महीने में सामान्य जीवन में आ जाता है।

उनके घुटने जो टेढ़े-मेढ़े थे वह भी ठीक हो गए है और वह रोजाना 4 से 5 किलोमीटर तक पैदल चल रहे है, कुछ मरीजों का जॉब भी लग चुका है क्योंकि घुटने व कूल्हे की तकलीफ की वजह से उनका जॉब छूट गया था। अब वह सभी मरीज बहुत खुश है क्योंकि वह अब आसानी से सीढ़ी चढ़ पा रहे है बल्कि दौड़ने भी लग गए है, प्रफुल्लित मन से डांस भी कर रहे हैं और उन्हें लगने लगा है कि वे अब पहले की उम्र की तरह पूरी फिट है। उनकी जीवनशैली भी वैसे ही है।

डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि ज्वाइंट आर्थोराइटिस्ट कॉमन बीमारी है लेकिन यह दुनिया की सबसे बड़ी बीमारी बन चुकी है और दिन ब दिन बढ़ते ही जा रही है। न सिर्फ इसमें आपको जागरूकता की जरूरत है बल्कि सही इलाज की भी जरूरत है। डॉ. सिंघल ने मरीजों को बताया कि ज्वाइंट आर्थोराइटिस्ट एवं उससे बचाव के साथ ही किस स्टेज में यह सर्जरी की जाती है।

रामकृष्ण केयर अस्पताल में हड्डी रोगों के इलाज के लिए एक बड़ी व अनुभवी टीम अपनी सेवा देती है। इसमें आर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट प्रत्यारोपण विभाग के एचओडी डॉ. पंकज धाबलिया, कंसल्टेंट ट्रामा एंड ज्वाइंट प्रत्यारोपण डॉ. ललित जैन, आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स मेडिसिन के कंसल्टेंट सुमन कुमार नाग, कंसल्टेंट ज्वाइंट प्रत्यारोपण डॉ. अंकुर सिंघल के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354